卐 श्री सद्गुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिंधोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 176 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦2 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# मसूरी से देहरादून जा रही रोडवेज की बस खाई में गिरी, दो की मौत

## दर्दनाक हादसे में कई लोग घायल,रेस्क्यू अभियान जारी

देहरादून(उद संवाददाता)। मसूरी देहरादून हाईवे पर रविवार दोपहर को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक रोडवेज बस खाई में गिर गई है। बताया गया कि लगभग 40 लोग बस में सवार थे। हादसे में दो महिलाओं की मौत की हो गई जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है। वहीं हादसे में घायल लोगों को खाई से निकालने के लिये स्थानीय लोगों व आईटीबीपी के जवान भी घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि बस मसूरी से देहरादून लौट रही थी। हाइसे की सूचना मिलने पर फायर, पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर राहत- बचाव कार्य में लगी है। हादसा रविवार को दोपहर 12 बजे बाद हुआ। मौके पर चीख-पुकार मच गई। बस खाई में गिरने की आवाज सुनते ही स्थानीय लोग मदद के लिए खाई में उतरे, लेकिन राहत-बचाव कार्य में उन्हें कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हादसा मसूरी से पांच किमी पहले मसूरी देहरादून हाईवे पर शेर घड़ी के पास हुआ। बस मेसानिक लॉज बस स्टैंड से देहरादून के लिए चली थी।आइटीबीपी, एसडी आरएफ, फायर और पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से खाई से लोगों को निकाला। एसडीएम नंदन कुमार,(शेष पेज सात पर)





# यूट्यूबर युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

देहरादून(उद संवाददाता) यूट्यूब चैनल अच्छा न चलने के कारण एक 22 साल की यूट्यूबर ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव कमरे में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया है। मामले में कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि परिजनों ने भी युवती से यूट्यूब चैनल बंद कर पढ़ाई जारी रखने को कहा था। पुलिस यूट्यूब चैनल न चलना ही युवती की आत्महत्या का कारण मान रही है। मामले में जांच की जा रही है। घटना पटेलनगर क्षेत्र के चंद्रबनी की है। इंस्पेक्टर सूर्यभूषण नेगी ने बताया कि यूट्यूबर की पहचान लता अधिकारी के रूप में हुई है। लता फियोनिक्स रिकॉर्ड्स के नाम से यूट्यूब चैनल चलाती थी। इस चैनल के करीब 1.12 हजार सबस्क्राइबर्स हैं। लता अपनी आवाज में गढ़वाली गाने रिकॉर्ड कर इस यूट्यूब चैनल के माध्यम से प्रसारित करती थी। पुलिस के मुताबिक लता शुक्रवार शाम को खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई। सुबह परिवार वाले जाग गए लेकिन लता के कमरे का दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उन्होंने पिछली खिड़की से झांककर देखा तो पता चला कि लता फंदे पर लटक रही है। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर लता को फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि इस मामले में परिजनों से भी पूछताछ की गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि लता काफी दिनों से चैनल को लेकर परेशान थी। शुक्रवार शाम के वक्त परिवार (शेष पेज सात पर)



# तीन बच्चों की मां ने प्रेमी संग मिलकर पति को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। मामला थाना राजपुर क्षेत्र इलाके के मक्का वाला का है। जहां तीन बच्चों की मां ने प्रेम प्रसंग के चलते अपने प्रेमी संग मिलकर अपने पति को मौत के घाट उतार दिया। बता दें महमूद अमजद मिस्त्री निवासी राजपुर क्षेत्र, मक्का वाला मिस्त्री का काम करता था और अपने परिवार के साथ रह रहा था। अमजद की पत्नी जैतून निशा का एक युवक संग प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक की पहचान पिंटू के रूप में हुई। दोनों के बीच पिछले कुछ समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बता दें अमजद और निशा के तीन छोटे बच्चे भी हैं। जानकारी के अनुसार निशा ने शनिवार रात अपने प्रेमी पिंटू के साथ मिलकर पहले अमजद का चुन्नी से गला घोंटा और फिर चाकू से उसके चेहरे पर वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद महिला ने प्रेमी संग मिलकर पति का शव नाले में फेंक दिया।शव की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस की पूछताछ के बाद 10 साल के मासूम बच्चे ने रात की घटना पुलिस को बताई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला और उसके प्रेमी पिंटू को गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय लोगों ने बताया की मृतक 40 सालों से इस इलाके में रह रहा था और उसके तीन बच्चे भी हैं।



# एसएसपी ने सिख समाज से की सहयोग की अपील

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पंजाब के खालिस्तानी समर्थक अमृत पाल सिंह के उधम सिंह नगर से लगे जिला पीलीभीत में आने के बाद पंजाब वापस जाने की सूचना पर उधम सिंह नगर के पुलिस सतर्क हो गई है। आज एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने धार्मिक क्षेत्र नानकमत्ता साहिब में सिख समुदाय के प्रतिनिधियों की एक बैठक ली। एसएसपी ने सिख समुदाय के लोग साथ संवाद कर अमृतपाल सिंह का नाम लिए बगैर अपील करते हुए कहा कि सिख धार्मिक संस्थाएं ऐसे व्यक्ति को पनाह न दे जो क्षेत्र की शांति व्यवस्था खराब करें। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने कहा कि पंजाब के धर्म व्यक्ति से जुड़ी कुछ गतिविधियों की कड़ी उधम सिंह नगर से जुड़ रही है, ऐसे में सिख समाज को पुलिस प्रशासन को सहयोग देना चाहिए और सोशल मीडिया अन्य प्लेटफार्म पर आ रही भ्रामक सूचना पर ध्यान ना दें। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अगर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो इसकी सूचना पुलिस दे। (शेष पेज सात पर)




# महानगर अध्यक्ष की घोषणा से कांग्रेस में घमासान

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं होगी : बेहड़

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस हाई कमान द्वारा रूद्रपुर महानगर के अध्यक्ष की घोषणा के पश्चात उभरा असंतोष निरंतर बढ़ता जा रहा है। पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं के साथ ही कई वरिष्ठ नेता इस निर्णय से सहमत दिखाई नहीं दे रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर आज पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड़ के यहां आवास विकास कालोनी स्थित आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सभी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ ही कई जनप्रतिनिधियों में वर्तमान में नवनियुक्त कांग्रेस महानगर अध्यक्ष को लेकर आक्रोश दिखा। उनका कहना था कि पार्टी के वरिष्ठ नेता तिलकराज बेहड़ की अनदेखी कर नगर अध्यक्ष को थोप दिया। स्वास्थ्य पूरी तरह से ठीक न होने के कारण श्री बेहड़ ने अपने आवास के दो मंजिला छत से आवास में आये कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने विधायक के रूप में अपनी उपलब्धियों को गिनाया। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ता को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी कार्यकर्ता की उपेक्षा नहीं होने देंगे। वह हर कार्यकर्ता के साथ खड़े हैं। सम्बोधन के दौरान पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बेहड़ महानगर अध्यक्ष के मनोनयन से पूर्व अपनी उपेक्षा से खिन्न नजर आए। उनका कहना था कि पार्टी की ओर से ऐसे व्यक्ति को महानगर अध्यक्ष की कमान सौंप दी गई है, जिसका कांग्रेस में कोई योगदान नहीं रहा। ऐसे व्यक्ति से कांग्रेस कमजोर होगी। उन्होंने कहा निकाय व लोकसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं हैं।(शेष पेज सात पर)




# उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की जेल में मौत

सितारगंज(उद संवाददाता)। जेल में सजा भुगत रहे कैदी की शनिवार को अचानक मौत हो गई। मृत्यु का कारण जानने के लिए पुलिस ने कैदी के शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों को बंदी की मौत की सूचना दे दी गई है। मृतक हल्द्वानी का रहने वाला था।नैनीताल जिले के ग्राम नवाड़ सैलानी फतेहपुर थाना हल्द्वानी निवासी 42 वर्षीय अनिल भट्ट पुत्र केशवदत्त भट्ट संेट्रल जेल में 26 मई वर्ष 2019 से उम्रकैद की सजा भोग रहे थे। शनिवार की तड़के अनिल भट्ट ने साथ बंदियों और जेल कर्मियों को सीने में दर्द की शिकायत से अवगत कराया। इसके बाद जेल प्रशासन ने अनिल भट्ट को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने अनिल भट्ट को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार (शेष पेज सात पर)

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता लापता

काशीपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक विवाहिता पिछले दो दिनों से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब विवाहिता का पता लगाना शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक मूलरूप से कासमपुर गढ़ी, थाना अफजलगढ़, जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश तथा हाल शरीफ नगर थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद निवासी शहाना 22 वर्ष पत्नी मैनुद्दीन पुत्री अशरफ काशीपुर स्थित जाकिर की आढत के पीछे, मोहल्ला मझरा निवासी फरजाना पत्नी नौशाद के घर से बीते 30 मार्च को सुबह 4:00 से 5:00 के बीच बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। विवाहिता का तमाम तलाश के बाद भी अब तक कहीं कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए गायब विवाहिता का पोस्टर जारी किया है।



# पेपर लीक कांड का आरोपी संजय धारीवाल गिरफ्तार

## एसआईटी ने 4.25 लाख की नकदी और ब्लैंक चैक बरामद किये

हरिद्वार। पेपर लीक कांड में फरार चल रहे 50,000 के इनामी पूर्व भाजपा नेता संजय धारीवाल को आखिरकार एसआइटी ने गिरफ्तार कर ही लिया। उसके कब्जे से सवा चार लाख की नकदी और दो ब्लैंक चेक बरामद हुए हैं। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की पटवारी और जेई एई भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने के मामले में नारसन के मोहम्मदपुर गांव का प्रधान व भाजपा का पूर्व मंगलौर मंडल अध्यक्ष संजय धारीवाल एसआइटी की पकड़ से लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर आइजी गढ़वाल करण सिंह नागन्याल ने 50 हजार का इनाम घोषित किया था। वहीं एसआइटी कुर्की से पहले मुनादी की कार्रवाई अंजाम दे चुकी थी। जबकि कुर्की के लिए भी कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया जा चुका था। कोर्ट से हरी झंडी मिलने पर किसी भी दिन कुर्की की कार्रवाई की जानी थी। दूसरी तरफ एसआइटी की



एक टीम शिद्दत से संजय धारीवाल की तलाश में जुटी थी। मुखबिर से सूचना मिलने पर एसआइटी की टीम ने नारसन क्षेत्र से संजय धारीवाल को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी अजय सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि संजय धारीवाल की निशानदेही पर अभ्यर्थियों को नकल स्थलों तक लाने व परीक्षा केन्द्रों तक ले जाने में इस्तेमाल किए गए वाहन एचआर 75 ख5692 को मौहम्मदपुर जट हरिद्वार स्थित घर से बरामद किया गया। जबकि संजय धारीवाल के भाई सुधीर के करनाल हरियाणा स्थित मकान से कुल 4.25 लाख व दो ब्लैक चौक बरामद किए हैं। इस धनराशि में से एक लाख दस हजार रुपये पटवारी भर्ती और तीन लाख पन्द्रह हजार रुपये व दोनों चौक एई /जेई भर्ती से सम्बन्धित छात्रों से लिए गए थे। आरोपित के भाई सुधीर व बहन के दामाद दीपेन्द्र पंवार उर्फ सोनू निवासी मुकन्दरपुर थाना गदरपुर जिला उधमसिंह नगर (कोचिंग संचालक) को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों अभियोगों पटवारी और जेई-एई में वर्तमान तिथि तक कुल 38 आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके हैं। जांच अभी चल रही है।

# महिला कांग्रेस की 93 सदस्यीय प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा

## 21 जिला और नगर इकाईयों में भी अध्यक्षों के नाम घोषित किये

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश महिला कांग्रेस की 93 सदस्यीय प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। इसमें आठ वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 12 उपाध्यक्ष, 36 महासचिव और 37 सचिव शामिल है। इसके साथ 21 जिला और नगर इकाईयों में भी अध्यक्ष घोषित कर दिए गए हैं। कार्यकारिणी का गठन करीब एक साल बाद हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि कुछ जिला इकाईयों में उपयुक्त नाम नहीं मिलने के कारण नियुक्ति नहीं हो पाई है। इसी के साथ पूरी महिला कांग्रेस निकाय और लोकसभा चुनाव में पार्टी को जीत दर्ज कराने के लिए मैदान में उतरेगी। प्रदेश कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष में आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा, अल्का पाल, भागीरथी बिष्ट, मीना रावत, नजमा खान, मीना शर्मा, जया कर्नाटक और पायल बहल के नाम शामिल हैं। जबकि उपाध्यक्ष में मीना सोनकर, नमजा शेख, सपना बिष्ट, चंद्रकाल नेगी, दीपा देवी, बीना जोशी, शोभा बिष्ट, विजय लक्ष्मी, बसंती भारती, हरि प्रिया सती, कृष्णा नेगी, इंदू पंवार शामिल हैं। वहीं जिलाध्यक्षों की सूची के अनुसार राधा बिष्ट अल्मोड़ा, गीता पंवार रानीखेत, दीप धपोला बागेश्वर, विमला महरा चमावत, उषा रावत चमोली, पूनम सिंह पछुवा दून, उर्मिला थापा ढौंडियाल देहरादून महानगर, अंशुल त्यागी परवादून, नीलम तिवारी ऋषिकेश महानगर, खष्टी बिष्ट नैनीताल, नीलम रावत पौड़ी, रश्मि पटवाल कोटद्वार, नंदा बिष्ट डीडीहाट, विद्या देवी रुद्रप्रयाग, आशा रावत टिहरी, करिश्मा गहलौत बाजपुर, रेखा सोनकर खटीमा, मोनिका ढाली रुद्रपुर, ललिता भंडारी पुरोला, उंजली उनियाल उत्तरकाशी, पूजा सिंह काशीपुर शामिल है।

# क्लॉ संस्था के मेजर अरूण राज्यपाल से मिले

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में क्लॉ संस्था के मेजर अरूण अम्बाति ने मुलाकात कर संस्था की जानकारी दी। उन्होनें बताया की क्लॉ, भारतीय सेना के सेवानिवृत्त विशेष बल के सैनिकों की संस्था है, जो भारतीय सेना से एमओयू के पश्चात सीमान्त क्षेत्र में युवाओं के कौशल विकास, साहसिक पर्यटन, शिक्षा तथा वेलनेस से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करेगी। संस्था के 'सोल ऑफ स्टील हिमालयन' नाम से इस कार्यक्रम के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए पर्यटन आदि



क्षेत्रों में बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड में चमोली और उत्तरकाशी जिले के सीमांत गांवों को इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए चिन्हित किया गया है। राज्यपाल ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इससे सीमावर्ती गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे साथ ही पलायन को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने सीमावर्ती गांव में मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने के साथ ही इन क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं और कनेक्टिविटी पर भी ध्यान देने की जरूरत है, यह कार्यक्रम उस दिशा में एक अच्छा प्रयास है। माननीय प्रधानमंत्री और गृहमंत्री द्वारा भी सीमान्त गांवों वाइब्रेट विलेज घोषित करते हुए उनके विकास को प्राथमिकता से लिया गया है। राज्यपाल ने कहा कि संस्था के इस प्रयास के लिए हर संभव मदद की जाएगी।

# विभिन्न कार्यक्रमों के साथ शुरू हुआ नया शिक्षा सत्र

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रचनात्मक शिक्षक मंडल की पहल पर पिछड़ी में संचालित ज्योतिबा फुले सायंकालीन स्कूल में नए शिक्षा सत्र के पहले दिन नवागंतुक बच्चों का विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्वागत किया गया।शिक्षक मंडल की पहल पर कोसी खनन से जुड़े परिवारों से दो सौ से अधिक बच्चे इस स्कूल से जुड़े हैं।विद्यालय के संयोजक नवेंदु मठपाल के अनुसार एक सप्ताह तक



उनकी टीम द्वारा चलाए गए अभियान के फलस्वरूप 96 नए बच्चे इस स्कूल से जुड़े हैं।जिन्हें भविष्य में विधिवत सरकारी स्कूलों में भर्ती कराया जाएगा। पी एन जी पी जी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो जी सी पंत ने बच्चों के लिए मिष्ठान की व्यवस्था करते हुए खेल सामग्री भेंट की।नगरपालिका के मानचित्रकर भुवन पांडे ने बच्चों को शैक्षणिक सामग्री भेंट करते हुए भविष्य में भी पूर्ण मदद का भरोसा दिलाया।बच्चों द्वारा देशभक्ति के गीतों के साथ साथ अनेकानेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।इस मौके पर ग्राम प्रधान मो ताहिर,सुमित कुमार,हेमा जोशी,नंदराम आर्य बालकृष्ण चंद समेत बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# दिनेशपुर बालाजी मंदिर में धूमधाम से मनाई जाएगी हनुमान जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बालाजी मण्डल दिनेशपुर द्वारा इस बार भी हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। इसके लिए श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं। बाबा भक्त शिव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि



बालाजी मंदिर दिनेशपुर में हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार भी श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर के मंहत श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी के सानिध्य में हनुमान जन्मोत्सव 6 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रात: श्री बालाजी महाराज का भव्य स्वर्ण चोला श्रृंगार होगा। तत्पश्चात प्रात: 10 बजे से बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजेगा। जिसमें आस पास एवं दूर दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। दरबार में बालाजी महाराज को छप्पन भोग लगाया जायेगा। दरबार में भजनों का सिलसिला दिनभर चलेगा। दोपहर को विशाल भंडारा होगा। बाबा भक्त शिव कुमार ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव मनाने के लिए जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आहवान किया है।

# सिद्धेश्वर श्री बालाजी मंदिर में श्री बालाजी जन्मोत्सव 6 को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी स्थित सिद्धेश्वर श्री बालाजी मंदिर में आगामी 6 अप्रैल को श्री बालाजी महाराज जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर के महंत श्री रमेश वशिष्ठ एवं आचार्य ब्रजराज वशिष्ठ ने बताया कि 6 अप्रैल को प्रात: श्री बालाजी महाराज को छप्पन भोग लगाया जाएगा। जिसके पश्चात रात्रि 8 बजे से विशाल भंडारा प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि रात्रि 9 बजे से भव्य श्री बाला जी दरबार सजाया जाएगा जिसमे दिल्ली से आमंत्रित गायक कलाकार सोनी सिस्टर्स व मोनी शर्मा द्वारा भजनों द्वारा श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया जायेगा। तत्पश्चात मध्य रात्रि 12 बजे सवा मन केक का भोग लगाया जाएगा। उन्होंने समस्त धर्मप्रेमी जनता से उपरोक्त कार्यक्रमों में सपरिवार पहुंचकर श्री बालाजी महाराज का आर्शीवाद प्राप्त करने की अपील की है।

# सरकार गरीबों के हितों में संचालित कर रही कई योजनाएंः रेखा आर्य

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री व सोमेश्वर विधायक रेखा आर्या अपनी विधानसभा सोमेश्वर के मजखाली मंडल पहुंची जहां पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत सरकार गरीबों के हितों में योजनाएं संचालित कर रही है।केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही बैठक में बूथ को मजबूत करने, डाटा प्रबंधन, सरल एप, मन की बात, केन्द्र सरकार की जन सभी ने पुन: प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वैसी ही भूमिका आप सभी आगे भी निभाएं। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सरकार ने कई सारी योजनाएं संचालित की हैं।आज महिलाओं को साल में तीन गैस रिफिल सिलेंडर ,नंदा गौरा,प्रध विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जिनके निस्तारण के लिए मंत्री रेखा आर्या ने सभी को आश्वस्त किया,साथ ही कहा कि वह सभी क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करना चाहती हैं कि जिस मातृभूमि ने मुझे सबकुछ दिया है उसके सर्वांगीण विकास हेतु वह कृतसंकल्पित हैं। इस अवसर पर





मजखाली मंडल केग्राम सभा सिमोली, टंनवाड़ी, भैंसोली,उरोली सहित कई ग्राम सभाओं का भ्रमण कर कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने सभी ग्रामवासियों के साथ सरकार की जनउपयोगी व कल्याणकारी योजनाओं को साझा किया। कैबिनेट मंत्री ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी कल्याणकारी योजनाओं के संबंध विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर -घर पहुँचाने की बात कही, साथ ही सभी से कहा कि जिस प्रकार आप ानमंत्री मातृ वंदना योजना के साथ ही खिलाड़ियो के लिए छात्रवृत्ति योजना,मुफ्त राशन योजना सहित कई योजनाएं संचालित की जा रहीं है।उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य का चौमुखी विकास हो रहा हैइस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी जिला मंत्री दीपक कन्नू शाह ,मंडल अध्यक्ष भूपाल परिहार ,महिला मोर्चा अध्यक्ष जानकी ढोडियाल ,मंडल महामंत्री श बालम करायततारा सिंह परिहार ,मंडल महामंत्री दीपक बोरा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष दिनेश वर्मा डूंगर सिंहभीम सिंह ,इंदरराजेन्द्र सिंह ,हर्ष सिंह सहित पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय जनता उपस्थित रहे।

# दो किलो अफीम के साथ बरेली का तस्कर गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। एसओजी/एएनटीएफ व थाना सोमेश्वर पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बरेली के तस्कर को दो किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसपी रचिता जुयाल के निर्देश पर नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत एसओजी एएनटीएफ व थाना सोमेश्वर की संयुक्त टीम द्वारा रात्रि को कोसी के समीप रानीखेत को जाने वाले तिराहे पर चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति विजय पाल पुत्र लाला राम निवासी ग्राम भीकमपुर, तह0 बहेड़ी, जिला बरेली को 2.03 किग्रा अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार कर थाना सोमेश्वर में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग



पंजीकृत किया गया है। बरामद अफीम की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 20 लाख रूपये से अधिक है। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बहेड़ी से अवैध अफीम लाकर बागेश्वर और ग्वालदम की तरफ ऊँचे दामों में बेचने हेतु ले जाना बताया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सोमेश्वर विजय सिंह नेगी,प्रभारी एसओजी सुनील सिंह धानिक,प्रभारी एएनटीएफ सौरभ कुमार भारती, कानि राकेश भट्ट, एसओजी एएनटीएफ अल्मोड़ा कानि0 सूरज बोराथाना सोमेश्वर आदि शामिल थे।

# ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज में फिल्म क्लब का उद्घाटन

काशीपुर। कुमाऊं के प्रसिद्ध मीडिया कॉलेज ज्ञानार्थी में फिल्म क्लब का उद्घाटन किया गया ।आपको बता दें कि ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज लगातार बच्चों को अलग-अलग प्रकार के प्रशिक्षण देने के लिए कारगर साबित हो रहा है । साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य बनाने में भी एक अहम भूमिका निभा रहा है । अब मास मीडिया का कोर्स कर रहे बच्चों के लिए यहां एक नई पहल भी शुरू की गई है। जिसके अंतर्गत बच्चों को फिल्म निर्माण एवं फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े सभी प्रकार



के प्रशिक्षण दिए जाएंगे । वहीं फिल्म क्लब के उद्घाटन से बच्चों में काफी उत्साह भी देखने मिला ।कॉलेज के मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थी द्वारा तैयार की गई एक मूवी षमिस्टेकष के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया । कॉलेज के चेयरमैन संतोष मेहरोत्रा एवं एकेडमिक डायरेक्टर मनोज मिश्रा द्वारा सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कॉलेज के सभी शिक्षक गणों एवं बच्चों को बधाई दी । इस कार्यक्रम के दौरान संतोष मेहरोत्रा, सेक्टरी शिवानी मेहरोत्रा, इंस्टीट्यूशन हेड प्रतिमा सिंह , डायरेक्टर एकेडमिक्स मनोज मिश्रा,एचओडी शीतल सुब्बा अन्य शिक्षक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब की बैठक आयोजित

काशीपुर। लायंस क्लब काशीपुर सिटी की वर्ष 2023-24 सत्र के लिए इलेक्ट हुई नई टीम में अध्यक्ष महेश वर्मा, सचिव शैलेन्द्र मिश्रा एड, कोषाध्यक्ष संजय राय के साथ सचिव हरिओम तोमर कोषाध्यक्ष जसबीर सिंह, मेंबरशिप चेयरपर्सन स्वतंत्र मेहरोत्रा, समर पाल सिंह ग्रेवाल आदि शामिल हुए। बीती रात बाजपुर रोड



स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित नॉमिनेशन कमेटी की मीटिंग में नई टीम की घोषणा की गई। लायंस क्लब काशीपुर सिटी परिवार की ओर से नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। लायंस क्लब काशीपुर मैं जिम्मेदार पदाधिकारी के रूप में चयनित किए गए वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट पिछले कई वर्षों से विभिन्न सामाजिक संगठनों में रहकर समाज सेवा में हमेशा अग्रणी रहते आ रहे हैं। श्री मिश्रा को विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा उन्हें लायंस क्लब काशीपुर सिटी वर्ष 2023 24 सत्र के लिए सचिव बनने पर बधाई दी गई।

## अवैध चाकू के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार हेका.



प्रदीप कुमार व का. सुरेश टम्टा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर उन्होंने संदिग्ध रूप से घूम रहे राहुल विश्वास उर्फ फलान पुत्र अजीत विश्वास निवासी चन्दन थाना दिनेशपुर को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक नाजायज चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने राहुल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं।

## बाईक चालक के खिलाफ नामजद रपट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस जवाहर नगर क्षेत्र में साईकिल सवार किशोर को टक्कर मारकर उसे घायल कर देने वाले बाईक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में भुवन चन्द्र चौबे पुत्र बचीराम चौबे निवासी ग्राम जवाहरनगर, डेरीफार्म नगला ने कहा है कि 29 मार्च को उसका भतीजा प्रियांशु गायत्री विहार, जवाहर नगर से सायंकाल अपने घर भण्डारी कॉलोनी जवाहर नगर को रोड के किनारे साइकिल से आ रहा था। जब वह भट्ट कॉलोनी पहुंचा तो सामने से मोटर साइकिल संख्या यूके 06 ए डब्लू 6094 के चालक कमल पाण्डे पुत्र गोविन्द पाण्डे निवासी शान्तिपुरी नम्बर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे प्रियांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ईलाज के लिए श्री राममूर्ति अस्पताल बरेली ले जाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। वह अब तक बेहोशी की अवस्था में है। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# मिलावट खोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि विद्यालयों में बनने वाले मिड डे मील के साथ ही आगनबाड़ी में खाद्य सामग्री व आंचल अमृत योजना तहत मिलने वाले दूध की भी सैंपलिंग हो, तांकि बच्चों को उचित पोषक तत्व मिल सके। यदि कोई सैंपल खराब आता है तो राशन डीलर पर कार्रवाई करना भी सुनिश्चित करें। यह निर्देश उन्होंने जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में दिए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि समस्त राशन डीलरों को खाद्य सुरक्षा के तहत लाईसेंस, पंजीकरण के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण जिला अभिहित अधिकारी के साथ मिलकर देना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को खाद्य पद्रार्थों, दुग्ध उत्पादों पर मिलावटखोरी करने वालों के खिलाफ सेम्पलिंग कर कोई भी मिलावटखोरी कर नकली उत्पादों को बेच रहा हो तो उसके खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए, कहा खाद्य विश्लेषक अपनी



रिपोर्ट में खाद्य नमूने की वेस्ट विफोर तिथि के बाद भी समयावधि के साथ क्षरण होने का कोई संबंध है तो उसका विवरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने अभिहित अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रतिष्ठानों में किसी भी प्रकार से खाद्य सामग्री में कोई मिलावट न हो, इस पर कडी निगरानी रखते हुए समय-समय पर संयुक्त चेंकिंग की कार्रवाई की जाए। उन्होनें यह भी निर्देश दिए हैं कि जनपद में समय-समय पर समस्त दुकानों से मिठाई, तेल, बिस्किट, जेम, अचार, दूध,दही, खोया, पनीर, आटा, दाल, मसाले सहित अन्य सामग्री के नमूने लेकर लैब को परीक्षण हेतु भेजना सुनिश्चित करें, तथा जिन दुकानों के सैंपलों में मिलावट पाई जाती है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार तत्परता से आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक में अभिहित अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 136 नमूने लिए गए, जिनमें से 84 लीगल नमूने तथा 52 सर्विलांस नमूने लिए गए है। वहीं जनपद में 08 लाईसेंस,पंजीकरण मेलों में 154 खाद्य कारोबारकर्ताओं के पंजीकरण किया गया। बैठक में पुलिस उपधीक्षक एसएस राणा, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सोन, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, पूर्ति निरीक्षण बब्लू पांडे, स्वास्थ विभाग से डॉ. आकाश कुमार आदि मौजूद थे।

## नशा तस्कर अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। तस्करी एवं चोरी के मामलों में कई बार जेल जाकर जमानत पर रिहा हुए नशा तस्कर को पुलिस ने फिर अवैध स्मैक के साथ



गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में राजपुरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक दिनेश जोशी एवं उनकी अधीनस्थ पुलिस टीम द्वारा चौकी राजपुरा क्षेत्र अंतर्गत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु सघन चेकिंग अभियान के दौरान राजपुरा क्षेत्र में मुन्नी कश्यप गली से राजपुरा निवासी स्मैक तस्कर विपिन गुप्ता पुत्र मुंशी लाल को कुल 10.10 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेश चंद्र जोशी प्रभारी चौकी राजपुरा, हे.कानि. ललित कुमार, कानि. सतवीर सिंह शामिल थे।

## गरुड़ में सिचांई के लिए लिफ्ट सिंचाई योजना को मिली मंजूरी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार ने नाबार्ड वित्त पोषित योजना के तहत तीन सिंचाई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है साथ ही दो मोटर मार्ग के लिए डामरीकरण की स्वीकृति प्रदान की है। कार्यों की स्वीकृति होने पर क्षेत्रीय जनता ने स्थानीय विधायक कैबिनेट मंत्री चंदन दास,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट समेत मुख्यमंत्री का आभार जताया है।गरुड़ में भाजपा संगठन की शान और विकास के लिए तत्पर रहने वाले पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने बताया कि कि गरुड़ में डाक लिफट सिंचाई योजना, पचना लिफट सिंचाई योजना व रामपुर लिफट योजना के लिए कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास द्वारा विकास कार्य के लिए धन स्वीकृत किया है। इन योजनाओं के स्वीकृत होने के बाद शीघ्र इस पर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। कहा कि क्षेत्रीय जनता लंबे समय से सिंचाई के लिए लिफट पेयजल योजनाओं की मांग करती रहीहै, जिसे शासन ने वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा गरुड़ की कज्यूली- कोटफुलवारी मोटर मार्ग व मच्छीबगड़ से ग्वाल्दे मोटर मार्ग के सुधारीकरण व डामरीकरण के लिए आंगणन के अनुसार धनराशि स्वीकृत की है।उन्होंने बताया कि क्षेत्र के विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। इधर योजनाओं की स्वीकृति मिलने पर जिला महामंत्री घनश्याम जोशी,ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट,जिपं सदस्य जनार्दन लोहुमी, सुनीता आर्या,भावना दोसाद,गोपाल सिंह, मंगल राणा,डीके जोशी,देवेंद्र गोस्वामी, ठाकुर मेहरा, उमेद सिंह रावल, दिगपाल भंडारी, बहादुर कोरंगा, रमेश जोशी,जेसी आर्या,मदन कांडपाल ने कैबिनेट मंत्री चंदन दास समेत मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## मां पूर्णागिरि धाम के लिए श्रद्धालुओं की बस रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 28 सुभाष कॉलोनी से मां पूर्णागिरि धाम के लिए श्रद्धालुओं की बस को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल ने केसरिया झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके बाद श्रद्धालु मां के जयकारों के साथ यात्रा के लिए रवाना हुए। इस दौरान श्री ठुकराल ने कहा कि मां पूर्णागिरि धाम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है ।हर वर्ष पूर्णागिरि धाम में लगने वाले मेले में तराई से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए



जाते हैं ।उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में धार्मिक यात्रा का विशेष महत्व है। धार्मिक यात्रा से मन शुद्ध होता है और नई ऊर्जा का संचार होता है ।उन्होंने कहां कि धार्मिक यात्राओं से लोगों को धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है और नए स्थान पर भ्रमण से नई नई जानकारियां प्राप्त होती हैं ।इस अवसर पर कमल राणा ,महेंद्र आर्य ,बंटी राजोरिया ,हैप्पी चौहान ,विपिन राजपूत ,राज बहादुर सैनी, चंद्रपाल ,गोपाल डे ,रोहित ठाकुर, सचिन, विनोद, सचिन गंगवार,रतन चंद्र दास ,वर्षा राजपूत ,रितिक दीक्षित, गोरी दास दीपक कुमार डे ज्योति प्रियंका संतोष चौहान अंजलि चौहान ,देवांश शर्मा ,महक यादव ,समीर, बॉबी, अमित, रविंद्र ,लक्ष्मी ,शिवम ,वरुण ,आशीष, बंटी आदि लोग उपस्थित थे।

## आकाशीय विजली की चिंगारी से छात्रा झुलसी

बागेश्वर (उद संवाददाता) ।दुग नाकुरी तहसील केसुरकाली गांव में शुक्रवार देर शाम अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आने से छात्रा गंभीर रूप से चोटिल हो गई, देर शाम तेज आंधी तूफान और बारिश के बीच घर मे खाना खाने के बाद अंदर घर में सोने के लिए घर में अपने बिस्तर में जा रही थी, तभी अचानक तेज अंधेरे में कड़कती विजली के बीच दस साल की बच्ची कोमल पुत्री बिशन राम निवासी सुरकाली गांव आकाशीय विजली की चपेट में आ गई,तब घर में तब चार लोग थे। तभी बच्ची चपेट में आने से झुलस गई।जिसके बाद



परिवारजनों में अफरा तफरी मच गई, जहा सुबह झुलसी छात्रा को परिजन जिला अस्पताल लाए जहा उसका इलाज चल रहा है। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. चंद्रमोहन भैसोड़ा ने बताया कि छात्रा की हालत में सुधार है,वही अस्पताल में झुलसी छात्रा के इलाज के लिए सर्जन नही होने से अस्पताल में छात्रा का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है, वही कुछ लोगों ने जिलाअस्पताल में दो सर्जन होने के बाद भी दोनों सर्जन छुट्टी में बताए जाने पर सवालिया निशान उठ रहे हैं,वही छात्रा का इलाज चल रहा है।

जय श्री बालाजी जय श्री राम जय श्री बालाजी
श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्वर्ण चोला श्रृंगार, विशाल भंडारा एवं भव्य
श्री बाला जी दरबार
स्थान-श्री बाला जी मंदिर, दिनेशपुर
06 अप्रैल, दिन बृहस्पतिवार प्रात: 10 बजे से
निवेदक-राजेन्द्र अग्रवाल, महन्त, श्री बाला जी मंडल रजि० ,दिनेशपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

# किसानों को हुई फसल क्षति का मुआवजा मिलेगा: डीएम

## जिलाधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों में किसानों के खेतों में पहुँचकर गेहूँ की फसल को बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया

रूद्रपुर/बाजपुर/गदरपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने जनपद में विगत दो दिन हुई बेमौसमी बारिस एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुई क्षति का स्थलीय जायजा लिया। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने शनिवार को कृषि तथा उद्यान विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ गदरपुर के बड़ाखेड़ा, गोपाल नगर, गदरपुर बायपास, बाजपुर के गुमसानी, घनसारा, काम्बोज फार्म, चकरपुर आदि में विभिन्न किसानों के खेतों में पहुॅचकर गेहूॅ की फसल को हुए नुकसान का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने स्वंय खेतों में उतर कर गेहू की बालियों को तोड़कर दानों को देखा तथा किसानों से फसलों के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारियां लेते हुए कहा कि किसान हमारें अन्न दाता हैं और हम सभी किसानों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को हुई फसल क्षति का मुआवजा दिलाने हेतु सर्वे कराया जा रहा है और सर्वे के आधार पर किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जायेगा। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों की फसलों को हुई क्षति का शुद्धता से आंकलनक किया जाये और कोई भी प्रभावित किसान फसल क्षति आंकलन से वंचित न रहे। उन्होंने आंकलन के दौरान खेतों की जीपीएस आधारित फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कराने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने गुमसानी तथा चकरपुर पहुॅचकर लेबड़ा की पानी निकासी के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए उप जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि पानी की निकासी हो और जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसलिए नदी क्षेत्र में किसी भी दशा में अतिक्रमण न होने दिया जाये। जिलाधिकारी ने जाफरपुर तथा राजकीय उद्यान रूद्रपुर पहुॅचकर लीची तथा आम की फसलों को हुई क्षति का जायजा लेते हुए फसल मुआवजा हेतु आंकलन शीघ्रता से करने के निर्देश उद्यान विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने बारिस तथा ओलावृष्टि से फसलों को हुई क्षति का आंकलन किये जाने हेतु सम्बन्धित तहसीलों के तहसीलदारों को नोडल अधिकारी नामित करते हुए न्याय पंचायत स्तर पर समिति का गठन किया है। न्याय पंचायत स्तर पर गठित समिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत प्रभारी कृषि, सम्बन्धित प्रभारी उद्यान सचल दल केन्द्र, सम्बन्धित राजस्व ग्राम/पटवारी क्षेत्र के उप राजस्व निरीक्षक को शामिल किया गया है। समिति द्वारा न्याय पंचायत स्तर पर फसल क्षति का सर्वेक्षण कर निर्धारित प्रारूप पर अपनी संयुक्त रिपोर्ट विकास खण्ड प्रभारी कृषि को उपलब्ध कराने तथा विकास खण्ड प्रभारी कृषि नोडल अधिकारी तहसीलदार के माध्यम से संयुक्त रिपोर्ट मुख्य कृषि अधिकारी उपलब्ध करायेंगे। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी बाजपुर राकेश तिवारी, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष गुजन सुखीजा, राजेश कुमार, राकेश कुमार, किसान राजकुमार, जनकराज, प्रेम कुमार, गुरप्रीत सिंह, अमर चन्द्र, परमजीत सिंह आदि उपस्थित थे।





# करो भरोसा बालाजी पर बनेंगे बिगड़े काम

गदरपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार रोहित जी, सुहावाराम धर्मशाला, मेनरोड, गदरपुर में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरीलगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन से जो कोई गावे उसका बेड़ा पार है भजन सेहुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने याही मेंभागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से



आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में अजय जायसवाल ने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार,बिट्टू अरोरा ने मेरे प्रेतराज सरकार बेड़ा पार करो, शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुरचलिये, आयुष अरोरा ने मेरी कुटिया के भाग आज खुल जाएँगे बाबा आयेंगे, कालू मदान ने करो भरोसा बालाजी पर बनेंगे बिगड़े काम, आशु झाम ने आज तो कैलाश माही बाज रहे डमरू, रोहन भटनागर ने सुन लो ओ बाबा अर्जी हमारी आदि भजन सुनाकर सबकोभक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा कीआरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खघ्रैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, आयुष अरोरा, हर्षित ग्रोवर, रजत कुमार, मदन ढिंगरा, रोहित कुमार, आशीष दिवाकर, मनीषअरोड़ा, नितिन रस्तोगी, रवि गगनेजा, पवन अरोरा, कमल निक्का, सौरभ अग्रवाल, वी. के. पांडेय, शम्मी खुराना, लेखराज अरोरा, श्यामकालरा, संजीव कुमार, आशु झाम, कालू चावला, राजपाल सिंह, जीवन कुमार, अमन श्रीवास्तव, रोहन भटनागर, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, वैभव गगनेजा, पवन खेड़ा, लवी अरोरा, बिट्टू अरोरा, सौरभ अग्रवाल, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

# महानाम संकीर्तन में पहुंचे विधायक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जगतपुरा मुखर्जीनगर में चल रहे श्री अष्टम प्रहर महानाम सकीर्तन में पहुँचे रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, जहां उन्होंने आयोजित कीर्तन का श्रवण कर, प्रभु से क्षेत्र के सुख सम्रद्धि की कामना की ,विधायक शिव अरोरा ने कहा हरि नाम कीर्तन से मन मे प्रसनता ओर आत्मा में शांतिपूर्ण भाव का बोध होता है। उन्होंने कहा हरि की धुन में लगे यह भक्तिमय माहौल बताता है कि भगवान कृष्ण माँ



काली के प्रति हमारे हिन्दू समाज की कितनी आस्था है। ऐसे आयोजन समाज को मजबूत और संगठित करते है । विधायक शिव अरोरा ने कहा रुद्रपुर समय समय पर धार्मिक आयोजन के लिये जाना जाता रहा है और यह आयोजन युवा पीढ़ी को हमारी संस्कृति का ज्ञान कराने के लिये बेहतर माध्यम है ताकि आने वाले समय मे उनके द्वारा इस कार्य को जारी रखा जाये सके, विधायक शिव अरोरा के अखण्ड नाम कीर्तन में पहुँचे पर आयोजन कमेटी द्वारा स्वागत किया तो विधायक ने भगवान के चरणों मे अपना शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, राधेश शर्मा, बलाई विश्वास, विजय विश्वास, शंकर, रमेश, सुधीर रॉय, कोमल मण्डल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अष्टम महानाम संकीर्तन व भंडारा का समापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्री शनि देव महाराज जी की वार्षिक पूजा कार्यक्रम के तहत सिंह कालोनी गली नम्बर एक स्थित श्री श्री शनि देव महाराज जी के मंदिर तथा आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में स्थित श्री श्री शनि देव महाराज जी के मंदिर में आज प्रात: छह बजे विधि विधान के साथ अष्टम प्रहार महानाम संकीर्तन एवं भंडारा का समापन हुआ। महानाम संकीर्तन में कीर्तन मंडलियों मियापुर उत्तर प्रदेश की राधे राधे संप्रदाय, दिल्ली की श्री राम संप्रदाय, उड़ीसा की घनश्याम संप्रदाय, धर्मनगर की हरि गोपाल संप्रदाय तथा पिपलिया नम्बर दो की राधा रमन संप्रदाय कीर्तन मंडलियों द्वारा क्रमवार ढोलक मंजीरों के साथ अखंड संकीर्तन किया गया। जिसे सुनकर उपस्थित भक्तजन भक्ति में पूरी तरह से मग्न हो गए। आज प्रात: सिंह कालोनी गली नम्बर एक में स्थित श्री शनि देव महाराज जी के मंदिर




में स्थापित श्री तुलसी के पौधे स्थल में पंडित सफल चक्रवर्ती द्वारा विगत दिवस प्राप्त श्री महानाम को पूजा अर्चना के साथ अर्पित किया गया। साथ ही मंदिर में श्री शनि देव महाराज जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इससे पूर्व गत रात्रि महानाम संकीर्तन तथा भंडारा के दौरान तेज वर्षा हो जाने के कारण व्यवस्थाओं में काफी देर तक रुकावटें आई। लेकिन सेवादारों द्वारा भंडारा सुरक्षित स्थान पर जारी रखा गया। इस दौरान कार्तिक मंडल, देवू मंडल, पारुल मंडल, चौताली मंडल, प्रीति मंडल, गोबिंद राय, प्रियंका मंडल, हृदय मंडल, श्यामल राय, आशा सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, देव दास सरकार, सुभाष मंडल, भानु विश्वास, जमुना सरकार, पूर्णिमा मिस्त्री, सरोराय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, गीता सरकार, दीपाली डे, सन्तोष सरकार,सुबल मंडल, पुलिन शिल, सुमति गांगुली, आरजू दास, तारा गोलदार, गौतम घरामी, रमेन मण्डल, गुरु चांद, राहुल, गोविन्द सरकार अमित सरकार, उषा मण्डल, सुषमा राय, मुकेश मालाकार, पूर्णिमा विश्वास, सीमा विश्वास, ठाकुर दासी, रीना सरकार, माया बैरागी, शिल्पी सरकार, राधा अधिकारी, लक्ष्मी मंडल, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुव्रत सरकार, विष्णु सरकार, दिपंकर साना, असीम सरकार, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, श्याम सरकार, तपन सरकार, मनी मंडल, तपन विश्वास, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, कविता मंडल, देवदास सरकार, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मधु सरकार, सुनीता हालदार, अमित सरकार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकार सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे। अंत में आयोजकों द्वारा महानाम संकीर्तन तथा भंडारा के आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया गया।

ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# टोइंग क्रेन सेवा अन्य जनपदों में भी लागू किया जाए : डीजीपी

## देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर और नैनीताल की यातायात व्यवस्था की समीक्षा बैठक में डीजीपी ने दिये दिशा निर्देश

देहरादून। सड़कों पर आये दिन जाम लगने की समस्या को देखते हुए पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने सख्ती दिखाई है। उन्होंने पुलिस को निर्देशित



किया है कि लेन परिवर्तन और भारी वाहनों को सड़क के दाहिनी ओर दौड़ाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए। डीजीपी ने कहा कि राज्य में नए हाईवे के निर्माण के बाद चार बड़े जनपदों देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर और नैनीताल की यातायात व्यवस्था और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए उठाए गए कदम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन चार बड़े जनपदों में हाईवे बन जाने के बाद यातायात की ड्यूटियों में परिवर्तन होने के साथ ही नई चुनौतियां सामने आई हैं। इन चुनौतियों का हमें जनता के साथ संवाद स्थापित करते हुए नई पहल के साथ समाधान निकालना है। इस मौके पर अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था वी मुरूगेशन, पुलिस महानिरीक्षक व निदेशक यातायात मुख्तार मोहसिन, पुलिस महानिरीक्षक, कुमाऊं परिक्षेत्र नीलेश आनंद भरणे, पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल भी मौजूद रहे। डीजीपी ने दिशा निर्देश हुए बताया कि नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वालों के विरुद्ध पीपीपी मोड पर आधारित देहरादून में संचालित टोइंग क्रेन सेवा को अन्य जनपदों में भी लागू किया जाए। सड़क पर आगे निकलने की होड़ में कई बार वाहन चालक लेन की दूसरी तरफ चले जाते हैं। जिसके कारण यातायात जाम की संभावना बन जाती है। चौराहों, रेलवे स्टेशन व सिंगल रोड पर यह समस्या आम बनी हुई है। यदि वाहन चालक अपनी लेन पर चले और सड़कों के किनारे अतिक्रमण व वाहनों को खड़ा ना किया जाये तो यातायात जाम की समस्या कम हो सकती है। यात्रा सीजन के लिए पर्याप्त संख्या में पीआरडी जवानों की मांग कर ली जाए साथ ही उन्हें यातायात प्रबंधन का प्रशिक्षण देकर यातायात ड्यूटी पर लगाया जाए। मसूरी व नैनीताल में दो-दो सीपीयू हाक मोबाइल स्थायी रूप से तैनात किए जाएं। हाईवे पर ओवरस्पीड की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक यातायात एआरटीओ से समन्वय स्थापित कर स्पीड निर्धारित करा लें। हाईवे पर अतिक्रमण न हो, आम जनता का सुचारू आवागमन सुनिश्चित किया जाए। चारधाम यात्रा में वापसी के लिए गरुड़चटी से बैराज होते हुए चीला मार्ग का उपयोग किया जाए। गरुड़चटी से बैराज तक वन-वे व्यवस्था लागू करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार, पुलिस उपाधीक्षक टिहरी और पुलिस उपाधीक्षक ऋषिकेश को निर्देशित किया गया। चीला मार्ग पर बीन नदी पर बने रपटे के दोनों तरफ वायरलेस सेट के साथ पुलिसकर्मी नियुक्त किया जाएं।

# रूद्रपुर में नैनीताल हाईवे का होगा सौंदर्यीकरण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने शानिवार को कैम्प कार्यालय में सोनिया होटल से जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय तक रोड चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम बनाने एवं जाम से मुक्ति हेतु सड़क का कायाकल्प किया जाये और को सुन्दर व स्वच्छ बनाया जाये। उन्होंने सड़क के दोनो साइड प्रभावी ड्रैनेज सिस्टम तैयार करने, ग्रीन बैल्ट विकसित करने तथा विद्युत एवं पानी पाइप लाइन्स, गैस पाइप लाइन आदि की अण्डर ग्राउण्ड ही व्यवस्था करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने लोनिवि, जल निगम, विद्युत, जिला विकास प्राधिकरण को सोनिया होटल से इन्द्रा चौक तक, इन्द्रा चौक से डीडी चौक तक तथा डीडी चौक से जिला



चिकित्सालय के पास तक तीन चरणों में स्टीम तैयार कर,एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने लोनिवि के अभियंताओं को तत्काल कैमरे स्थापित करते हुए एक सप्ताह में वीडियोग्राफी करते हुए ट्रैफिक डिटेल जनरेट करने के निर्देश दिये। उन्होंने रास्ते में स्मार्ट शौचालय की व्यवस्था करने, ग्रीन बैल्ट विकसित करने, स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश जिला विकास प्राधिकरण को दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क पर पानी की निकासी हेतु ड्रेनेज सिस्टम पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जल निगम तथा सिंचाई विभाग के अभियंताओं को कैचमेंट एरिया तथा नालों में पानी के डिस्चार्ज सम्बन्धी जानकारी लोनिवि के साथ साझा करने के निर्देश दिये। बैठक में उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण हरीश चन्द्र काण्डपाल, परियोजना निदेशक एनएचएआई योगेन्द्र शर्मा, अधिशासी अभियंता जल निगम मृदुला सिंह सहित सम्बन्धित विभागोंके अधिकारी उपस्थित थे।

# छात्राओं ने एपण प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।इंदिरा प्रियदर्शनी राजकीय स्नातकोत्तर वाणिज्य महाविद्यालय में नमामि गंगे के तत्वाधान में कुमाऊंनी संस्कृति को उजागर करती एपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शशि पुरोहित ने कहा कि महाविद्यालय की छात्राएं हर क्षेत्र में आगे हैं। पढ़ाई



से लेकर संस्कृति तक का ज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं में उच्च श्रेणी में देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न समारोहों के अवसर पर रंग बिरंगे खूबसूरत एपण बनाकर अतिथियों का स्वागत किया जाता है। वहीं पर्वतीय संस्कृति में अनेक पर्वो पर भी परिजनों द्वारा एपण बनाए जाते हैं जो पर्वतीय संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा वह सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करती हैं। आयोजित प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# बिजली, पानी की दरों में वृद्धि पर फूंका सरकार का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऊर्जा प्रदेश में बिजली पानी दामों भारी वृद्धि किए जाने पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश भड़क गया आक्रोशित यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगुवाई में जोरदार नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के पुतले को आग के हवाले किया। हेमन्त साहू ने कहा जनता पहले ही मंहगाई बेरोजगारी की मार से परेशान है। अब जनता के जीने का मुख्य साधन बिजली, पानी पर भी कुठराघात हो रहा है। ऊर्जा प्रदेश में ही गरीब जनता की पहुँच से बिजली पानी



दूर होता जा रहा है।जिला उपाध्यक्ष अरबाज खान व नाजिम आँसारी ने कहा सरकार अच्छे दिनों का सपना दिखाकर बुरे दिनों का सामना करवा रही । पूर्व पार्षद राजेन्द्र बिष्ट व सन्दीप भैसोड़ा ने कहा तत्काल बड़े विघुत पेजल के दामों को वापस नही लिया गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर सचिन राठौर, शानू अल्वी, कैफ सैफी, मयंक गोस्वामी, सन्दीप भैसोड़ा, रितिक आर्या, मोनू आर्या, सुशील राय आदि मौजूद थे।

# महिला वाणिज्य महाविद्यालय में दो दिवसीय सांस्कृतिक समारोह शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंदिरा प्रियदर्शनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय में सांस्कृतिक परिषद एवं छात्रा संघ के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय सांस्कृतिक समारोह प्रारंभ हुआ। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शशि पुरोहित, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर एके श्रीवास्तव, डॉक्टर देवकी गिरी गोस्वामी, सांस्कृतिक परिषद की संयोजक डॉ. ललिता जोशी तथा प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। सर्वप्रथम संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। छात्रसंघ पदाधिकारियों द्वारा प्राचार्य शशि पुरोहित, प्रोफेसर एके श्रीवास्तव, डॉक्टर देवकी गिरी गोस्वामी, डॉ. ललिता जोशी का बैच अलंकरण करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की संचालक अंजलि द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। छात्रसंघ प्रभारी प्रोफेसर एके श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी प्राध्यापकों एवं छात्राओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस तरह के शिक्षणेत्तर कार्यक्रमों के द्वारा छात्राओं




को एक प्लेटफार्म दिया जाता है, जिसमें सभी छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होता है। इसलिए सभी छात्राओं को इसमें बढ़- चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं दी। प्राचार्य प्रोफेसर शशि पुरोहित ने कहा कि कालेज में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के द्वारा छात्राओं की प्रतिभाओं को उजागर किया जाता है, इससे छात्राओं में आत्मविश्वास की भावना बढ़ती है। उन्होंने महाविद्यालय में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों द्वारा हम समाज के विकास में सहयोग देते है। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिताओ में ऐपण में अंजलि (बी. एससी. तृतीय वर्ष) प्रथम, गार्गी पांडे (बी.एससी . द्वितीय सेम) द्वितीय तथा आकांक्षा (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान पर रही। मेहंदी प्रतियोगिता में आयुषी रावत (बी. कॉम. तृतीय वर्ष) ने प्रथम, हिमांशी शर्मा (बी.एससी. द्वितीय सेमेस्टर) ने द्वितीय हिमानी बिष्ट (बी. कॉम. ऑनर्स 6 सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में दीया चतवानी (बीकॉम सेकंड सेमेस्टर) ने प्रथम, मानसी गुरुरानी (बी.एससी. तृतीय वर्ष) ने द्वितीय, प्रियंजलि पोखरिया (एम.एससी. थर्ड सेम) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लघु नाटिका में किरण एंड ग्रुप ने प्रथम, निकिता पांडे एवं ग्रुप ने द्वितीय तथा अंजली एंड ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में लघु नाटिका के विषय नशा मुक्ति, पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर आधारित प्रथम दिवस की प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।

# आईजी भरणे ने जनता दरबार लगाकर सुनी जन समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र डॉ. नीलेश आनंद भरणे द्वारा यहां कैंप कार्यालय में कुमाऊं परिक्षेत्र के फरियादियों का जनता दरबार लगाकर जन समस्याएं सुनी। जनता दरबार में फरियादियों द्वारा पारिवारिक विवाद, निजी भूमि विवाद, आपसी विवाद, मारपीट, पेयजल, भूमि अतिक्रमण संबंधी शिकायतें दर्ज कराई गयी। जिस पर पुलिस महानिरीक्षक द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित अधिकारी को शिकायत निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। पिछले दो माह में प्राप्त होने वाली शिकायतों में जनपद नैनीताल की कुल 37 शिकायतों में 9 निस्तारित की गई।जनपद उधम सिंह नगर की कुल आठ शिकायतों में 4 निस्तारित की गई। जनपद अल्मोडा की एक शिकायत लंबित है। डाक द्वारा प्राप्त जनपद ऊधमसिंहनगर की कुल 181 शिकायतों में 28 निस्तारित की गई। जनपद नैनीताल की कुल 110 शिकायतों में 14 निस्तारित हुईं।जनपद पिथौरागढ की प्राप्त चार शिकायतें लंबित हैं। जनपद निस्तारित हुई। जनपद ऊधमसिंहनगर की 19 शिकायतों में दो निस्तारित हुईं। जनपद अल्मोडा की दोनों शिकायतों का निस्तारण हुआ। जिन प्रार्थना पत्रों का



अल्मोडा की 7 शिकायतों में दो निस्तारित हुईं। जनपद चम्पावत की प्राप्त एक शिकायत निस्तारित कर दी गई। इसी प्रकार व्हाट्सएप से प्राप्त जनपद नैनीताल की 14 शिकायतों में एक निस्तारण नहीं हुआ है उनको जांच हेतु संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आईजी द्वारा निर्देशित किया गया कि शिकायती प्रार्थना पत्रों की गहता से जांच कर गुण दोष के आधार पर निस्तारित किये जाये।

# राज्य योजना के अंतर्गत सात सड़कों के निर्माण की मिली स्वीकृति : बेहड़

किच्छ(उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड ने प्रेस विज्ञप्ति द्वारा कहा कि उनके द्वारा जनभावनाओं के अनुरूप 7 सड़कों के निर्माण के प्रस्तावों पर वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, लगभग 8 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों के निर्माण हेतु 2 करोड़ 6 लाख की प्रथम धनराशि की स्वीकृति प्रदान हुई है, जिसके अंतर्गत तीन सड़को जिनकी लम्बाई लगभग 2.02 किलोमीटर है जिसके हेतु 1 करोड़ 95.72 लाख तथा शेष 4 सड़को के निर्माण हेतु जिनकी लम्बाई लगभग 6.55 किलोमीटर है के प्रथम चरण के किस्त के रूप में 7.77 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, इन सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र आरम्भ किया जा रहा है। राज योजना के अंतर्गत जिन सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है उनकी सूची



निम्नवत्त है। ग्राम गंगापुर में 620 मीटर लिंक मार्ग का निर्माण सीमेंट कंक्रीट ब्लॉक पेवमेंट निर्माण कार्य। ग्राम फुलसंगी में बनखंडी फेस टू में 900 मीटर मार्ग का निर्माण कार्य। ग्राम मलसी में मुख्य मार्ग से गांव के अंदर संपर्क मार्ग का 500 मीटर निर्माण कार्य।. एनएच 9 में लालपुर से महाराजपुर तक 1.5 किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण एवं हॉट मिक्स निर्माण काय। ग्राम गंगापुर मार्ग में चौनेज के .300 किमी से चौनेज 4 किलोमीटर तक 3.7 किलोमीटर मार्ग का निर्माण कार्य। ग्राम फूलसुंगी में बनखंडी जनपद मार्ग का निर्माण कार्य। राजमार्ग 44 के किलोमीटर 11 हेक्टोमीटर 02 में डबल मोटर सेतु निर्माण का कार्य शामिल है। विधायक बेहड ने बताया कि यह जानकारी उन्हें प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा दी गई है तथा सड़कों का कार्य शीघ्र प्रारंभ किये जायेंगे तथा उनका पूरा प्रयास है कि पूरी विधानसभा में खराब सड़कों का निर्माण शीघ्र ही कराया जाए।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अफसरों की संपत्ति का ब्यौरा

प्रशासनिक अधिकारियों को भ्रष्टाचार की शह राजनीतिक नेतृत्व से मिलती है। जब भी आय से अधिक संपत्ति जमा करने के किसी मामले में जांच होती है, तो उसके तार सत्तापक्ष के लोगों से भी जुड़े नजर आते हैं। यह उजागर तथ्य है कि भ्रष्टाचार की जड़ें अफसरशाही में ही पनपती हैं। इसीलिए अधिकारियों की आय और संपत्ति आदि का नियमित मूल्यांकन करने की व्यवस्था है। इसके लिए बकायदा कानून और दंड के प्रावधान हैं। उन्हें हर साल अपनी आय और संपत्ति का ब्योरा देना होता है। मगर हकीकत यह है कि बहुत सारे अधिकारी इन नियम-कायदों को धता बताने से बाज नहीं आते। इस मामले से जुड़ी संसद की स्थायी समिति ने बताया है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के करीब चौदह सौ अधिकारियों ने पिछले ग्यारह सालों से अपनी आय और संपत्ति से संबंधित ब्योरा पेश नहीं किया है।अब सरकार ने अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारियों से शेयर बाजार में निवेश और उससे होने वाली आय का विवरण भी जमा कराने का आदेश दिया है। अगर किसी अधिकारी की शेयर बाजार में निवेश से आय उसके छह माह के मूल वेतन से अधिक है, तो उसके लिए उसका विवरण जमा कराना अनिवार्य होगा। यह नया नियम भी उन्हीं पुराने नियमों में जुड़ गया है, जो ब्रिटिश जमाने से चले आ रहे आय और संपत्ति से जुड़े कानून हैं। इसलिए भ्रष्ट अधिकारियों पर इस नए नियम का कितना मानसिक दबाव बन पाएगा, दावा नहीं किया जा सकता। प्रशासनिक अधिकारियों के भ्रष्टाचार करने के तरीके उजागर हैं। हर सरकार भ्रष्टाचार समाप्त करने का दम भरती है, मगर अधिकारियों के आचरण पर उसका कोई असर पड़ता नजर नहीं आता। वे गलत तरीके से धन और संपत्ति जमा करने के रास्ते निकाल ही लेते हैं, यहां तक कि उन्हें छिपाने की जगहें भी। तबादले वगैरह का भी उन पर बहुत असर नहीं पड़ता। ऐसे में संसद की स्थायी समिति ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को सुझाव दिया है कि एक ऐसे तंत्र का गठन किया जाना चाहिए, जो अधिकारियों द्वारा पेश किए गए आय और संपत्ति के ब्योरों की जांच करे और उनकी वास्तविक कमाई का खुलासा करे। सुझाव अच्छा है, अगर ऐसा कोई तंत्र बनता है, तो शायद प्रशासनिक अधिकारियों के भ्रष्ट आचरण पर कुछ लगाम लगे। मगर उस नियामक तंत्र में भी जो अधिकारी-कर्मचारी होंगे, उनका आचरण कितना पारदर्शी होगा, कैसे दावा किया जा सकता है। फिर, ऐसा नहीं कि अधिकारियों के भ्रष्ट आचरण पर नजर रखने के लिए पहले से तंत्र नहीं है। आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग आदि उनके भ्रष्ट आचरण पर नजर रखते ही हैं। कुछ जगहों पर खुद प्रशासनिक अधिकारियों ने भी भ्रष्ट अफसरों पर नजर रखने के लिए अलग से तंत्र तैयार कर रखा है, जैसे उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों का संघ हर साल भ्रष्ट अफसरों की सूची जारी करता है। मगर इन सबके बावजूद उनके आचरण में कोई बदलाव नजर नहीं आता। फिर यह भी एक प्रकट तथ्य है कि प्रशासनिक अधिकारियों को भ्रष्टाचार की शह राजनीतिक नेतृत्व से मिलती है। जब भी आय से अधिक संपत्ति जमा करने के किसी मामले में जांच होती है, तो उसके तार सत्तापक्ष के लोगों से भी जुड़े नजर आते हैं। मौजूदा केंद्र सरकार पिछली सरकारों के समय हुए भ्रष्टाचारों की पोल खोलने के इरादे से जांचों का सिलसिला चला रही है। उससे जाहिर है कि किस तरह नौकरशाही और राजनेताओं की मिलीभगत से भ्रष्टाचार फैलता है। इसलिए अगर सचमुच भ्रष्टाचार खत्म करना है, जिससे संबंधित संयुक्त राष्ट्र संधि पर भारत ने हस्ताक्षर भी किए हैं, तो एक ऐसे तंत्र का गठन करने पर विचार करना चाहिए, जो भ्रष्टाचार के पूरे संजाल को छिन्न-भिन्न कर सके।

# उत्सवों पर बढ़ते हादसे

देश के मंदिरों में जैसे-जैसे विशेष पर्व और भगवानों के प्रकट दिवस पर उत्सवधर्मिता की धूम बढ़ रही है, वैसे-वैसे मंदिरों में जानलेवा हादसों की संख्या भी बढ़ रही है। उत्सवधर्मिता बढ़ाने में सोशल एवं डिजिटल माध्यमों का खूब चमत्कारिक योगदान तो बढ़ रहा है, परंतु जब घटना घट जाती है, तब मौत से जूझ रहे लोगों को बचाने में इनका उपयोग सामने नहीं आ पाता ? ऐसा इंदौर में बालेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर हादसे में स्पष्ट रूप से देखने में आया है। हादसा घटने के पौन घंटे बाद पुलिस, प्रशासन और राहत दल मौके पर पहुंचे। लेकिन एसडीआरएफ और पुलिस दलों के पास न तो बावड़ी में उतरने के लिए रस्सियां थीं और न ही सीढ़ियां। जबकि मंदिर प्रबंधन द्वारा सूचना दे दी गई थी कि यह हादसा बावड़ी की छत ध्वस्त हो जाने से हुआ है। छत पर पूजा-पाठ कर रहे लोग बावड़ी में गिर गए हैं, जिसमें पानी भी भरा है। गमीनत रही कि फायर ब्रिगेड की रस्सियां और सीढ़ियों का उपयोग किया गया। पानी खाली करने की बात आई, तब पता चला कि निगमकर्मियों के पास साठ फीट गहरी बावड़ी से पानी खींचने के लिए चालीस फीट लंबा ही पाइप है। नतीजतन समय पर बचाव कार्य ठीक से शुरू ही नहीं हो सका और 35 लोगों ने जल समाधि ले ली। करीब 200 साल पुरानी इस बावड़ी को 45 साल पहले आठ सौ वर्ग फीट की छत डालकर ढंक दिया गया था। इसी पर बैठकर लोग अर्चना और हवन कर रहे थे। अतएव हवन करते हाथ जलने की कहावत यहां चरितार्थ हुई है। मध्यप्रदेश में यह कोई धर्मस्थल पर हुआ पहला हादसा नहीं है। इसके पूर्व उज्जैन के सिंहस्थ, रतनगढ़ के देवी मंदिर और अशोकनगर के करीला माता मंदिर में इसी तरह के जानलेवा हादसे हो चुके है। देश में धर्म-लाभ कमाने की प्रकृति से जुड़े हादसे अब लगातार देखने में आ रहे हैं। आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुश्करालू उत्सव में मची भगदड़ से 13 महिलाओं समेत 29 लोग मारे गए थे। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के सतना जिले के प्रसिद्ध तीर्थस्थल चित्रकूट में कामतानाथ मंदिर की परिक्रमा करते हुए अचानक भीड में भगदड़ मच जाने से 10 श्रृद्धालुओं की मौत हो गई थी। मध्यप्रदेश में ही दतिया जिले के प्रसिद्ध रतनगढ़ माता मंदिर में नवमीं पूजा के दौरान आस्था के सैलाब में पुल टूटने की अफवाह से मची भगदड़ से 115 लोग मारे गए थे। इसी मंदिर में 3 अक्टूबर 2006 को शारदेय नवरात्रि की पूजा के दौरान 49 श्रद्धालू मारे गए थे। फरवरी 2013 में इलाहबाद के कुंभ मेले में बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें 36 लोग मारे गए थे। मथुरा के बरसाना और देवघर के श्री ठाकुर आश्रम में मची भगदड़ से लगभग एक दर्जन श्रद्धालु मारे गए थे। विश्व में शांति और सद्भावना की स्थापना के उद्देश्य से हरिद्वार में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित यज्ञ में दम घुटने से 20 लोगों के प्राणों की आहुति लग गई थी। महज भगदड़ से अब तक तीन हजार से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। बावजूद लोग हैं कि दर्शन, श्रद्धा, पूजा और भक्ति से यह अर्थ निकालने में लगे हैं कि इनको संपन्न करने से इस जन्म में किए पाप धुल जाएंगे, मोक्ष मिल जाएगा और परलोक भी सुधर जाएगा। गोया, पुनर्जन्म हुआ भी तो श्रेष्ठ वर्ण में होने के साथ समृद्ध व वैभवशाली होगा। देश में हर प्रमुख धार्मिक आयोजन छोटे-बड़े हादसों का शिकार हो रहा है। 1954 में इलाहबाद में संपन्न हुए कुंभ मेले में एकाएक गुस्साये हाथियों ने इतनी भगदड़ मचाई थी कि एक साथ 800 श्रद्धालु काल-कवलित हो गए थे। धर्म स्थलों पर मची भगदड़ से हुई,यह सबसे बड़ी घटना थी। सतारा के मांधर देवी मंदिर में मची भगदड़ में भी 300 से ज्यादा लोग असमय काल के गाल में समा गए थे। केरल के सबरीवाला मंदिर, जोधपुर के चामुण्डा देवी मंदिर, और प्रतापगढ़ के कृपालू महाराज आश्रम में भी मची भगदड़ों में सैंकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। बावजूद अब तक के हादसों में देखने में आया है कि भीड़ प्रबंधन के कौशल में प्रशासन-तंत्र न केवल अक्षम साबित हुआ है ,बल्कि उसकी अकुशलता के चलते हजारों लोग बेमौत मारे गए हैं। भारत में पिछले दो दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में प्रचार-प्रसार के कारण उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है। जिसके चलते दर्शनलाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाले भगदड़ों का सिलसिला जारी है। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें। किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती। इसलिए उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अकसर देखने में नहीं आती ? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते ? हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक आयोजन विराट रुप लेते जा रहे हैं। कुंभ मेलों में तो विशेष पर्वों के अवसर पर एक साथ तीन-तीन करोड़ तक लोग एक निश्चित समय के बीच स्नान करते हैं। किंतु इस अनुपात में यातायात और सुरक्षा के इंतजाम देखने में नहीं आते। जबकि शासन-प्रशासन के पास पिछले पर्वों के आंकड़े हाते है। बावजूद लपरवाही बरतना हैरान करने वाली बात है। दरअसल, कुंभ या अन्य मेलों में जितनी भीड़ पहुंचती है और उसके प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरुरत होती है, उसकी दूसरे देशों के लोग कल्पना भी नहीं कर सकते ? इसलिए हमारे यहां लगने वाले मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से नहीं ले सकते ? क्योंकि दुनिया के किसी अन्य देश में किसी एक दिन और विशेष मुहूर्त के समय लाखों-करोडोंं की भीड़ जुटने की उम्मीद ही नहीं की जा सकती ? बावजूद हमारे नौकरशाह भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण लेने खासतौर से योरुपीय देशों में जाते हैं। प्रबंधन के ऐसे प्रशिक्षण विदेशी सैर-सपाटे के बहाने हैं, इनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं होता। ऐसे प्रबंधनों के पाठ हमें खुद अपने देशज ज्ञान और अनुभव से लिखने होंगे। धार्मिक स्थलों पर आजकल भीड़ बढ़ाने का काम मीडिया कर रहा है। इलेक्ट्रोनिक और सोशल मीडिया कर रहा है। वह हरेक छोटे बड़े मंदिर के दर्शन को चमात्कारिक लाभ से जोड़कर देश के भोले-भाले भक्तगणों से एक तरह का छल कर रहा है। इस मीडिया के अस्तित्व में आने के बाद धर्म के क्षेत्र में कर्मकाण्ड और पाखण्ड का आंडबर जितना बड़ा है, उतना पहले कभी देखने में नहीं आया। बागेश्वर धाम, प्रदीप मिश्रा, निर्मल बाबा, कृपालू महाराज और आशाराम बापू जैसे संतों का महिमामंडन इसी मीडिया ने किया। हालांकि यही मीडिया पाखण्ड के सार्वजनिक खुलासे के बाद मूर्तिभंजक की भूमिका में भी खड़ा होता है। मीडिया का यही नाट्य रूपांतरण अलौकिक कलावाद, धार्मिक आस्था के बहाने व्यक्ति को निष्क्रिय व अंधविश्वासी बनाता है। यही भावना मानवीय मामलों को यथास्थिति में बनाए रखने का काम करती है और हम ईश्वर अथवा भाग्य आधारित अवधारणा को प्रतिफल व नियति का कारक मान लेते हैं। दरअसल मीडिया, राजनेता और बुद्धिजीवियों का काम लोगों को जागरूक बनाने का है, लेकिन निजी लाभ का लालची मीडिया, धर्मभीरु राजनेता और धर्म की आंतरिक आध्यात्मिकता से अज्ञान बुद्धिजीवी भी धर्म के छद्म का शिकार होते दिखाई देते हैं। जाहिर है धार्मिक हादसों से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही है ? लिहाजा हादसों का दुर्भाग्यपूर्ण सिलसिला तत्काल तो टूटता दिखाई नहीं देता ?

**प्रमोद भार्गव**
**लेखक/पत्रकार**




# जैन समाज ने मनाया श्री सुदर्शन महाराज का 100 वां जन्मदिन

सितारगंज(उद संवाददाता)। एस एस जैन महासभा सितारगंज के तत्वाधान में परम पूज्य गुरुदेव श्रीसुदर्शन लाल जी महाराज का 100 वां जन्मदिवस बड़े धूमधाम से महाराजा अग्रसेन धर्मार्थ ट्रस्ट में मनाया गया। तपस्वी राज गुरुदेव श्री नरेन्द्र मुनि महाराज एवं सेवाभावी श्री जयन्त मुनि जी महाराज एवं साध्वी श्रीसुनिधि जी महाराज,साध्वी श्री संवेग जी महाराज,साध्वी श्री सजग जी महाराज ठाणे-4 के गुरुजनो ने गुरु सुदर्शन गुणगान दिवस के अवसर पर भक्तों को अपार ज्ञान दिया। दिल्ली से आये कलाकारों के द्वारा सुन्दर नाट्य प्रस्तुति दी गई व रुद्रपुर से आये भजन गायक अमन सांवरिया ने गुरुदेव के सम्मान में भजन गाकर शमा बांधा।तपस्वी राज गुरुदेव श्रीनरेन्द्र मुनि जी महाराज ने कहा कि दूसरों के भरोसे जिन्दगी जीने वाले लोग हमेशा दुखी रहते हैं इसलिए अगर हम जीवन सुखी होना चाहते हैं तो हमें आत्मनिर्भर बनने की कोशिश करनी चाहिए,जीवन अमूल्य है तपस्या,ध्यान से और परोपकार से ही जीवन को अच्छा और महत्वपूर्ण बनाया जा सकता है। इस मौके पर रोशन लाल अग्रवाल ,शिवकुमार मित्तल,सुरेश अग्रवाल, सुरेश सिंघल, राजाराम सिंघल,सुरेश जैन, महेश मित्तल, भीमसेन गर्ग,मुकेश गर्ग,जितेन्द्र गर्ग, सत्यनारायण जैन, विकास मित्तल,प्रवीन जैन,विनीत जैन,पवन जैन,मोहित जैन,संजय जैन,विजय जैन,सुशील जैन,अभिषेक जैन,अनिल जैन, मोहित गर्ग,सुनील जैन,अशोक जैन,संयम जैन,सक्षम जैन, सात्विक जैन,मुदित जैन,अर्पित जैन,लक्ष्य जैन,राजरानी गर्ग,जेनमती जैन, संगीता जैन, सारिका जैन,नीता जैन,रश्मि जैन,रितिका गुप्ता, शिखा जैन,मोना जैन आदि मौजूद रहे।



# हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है

सितारगंज(उद संवाददाता) नगर के करन गार्डन में आयोजित श्री श्याम बाबा के जागरण में बाबा के परम भक्त मुकेश गोयल ने सपरिवार बाबा की अखण्ड ज्योत प्रज्वलित कर किया। बाबा श्याम के मधुर भजनों का गुणगान बरेली से आये भजन गायक राम श्याम ने अपनी मधुर वाणी से किया। दरबार में खाटू धाम से मंदिर के महन्त जीवराज सिंह चौहान ने पहुंचकर अपनी सहभागिता निभाई। भजन गायक राम श्याम ने हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है ,कदम कदम पर तूने किये बडेघ् चमत्कार ,मेंने सुना है तू दुखडेघ् मिटाता ,सांवरा जब मेरे साथ है तो मुझको डरने की क्या बात है आदि भजनों पर भक्तजन झूम उठे। दरबार में मुकेश गोयल,राकेश गोयल,मनोज गोयल,महेश मित्तल,मुकेश गर्ग,संजीव गोयल,विकास मित्तल,अर्चित अग्रवाल,मनोज गर्ग,डब्बू बिन्दल, दीपक गोल्डी,अभिषेक जैन, गिरवर प्रसाद,सुरेश अग्रवाल, नत्थु लाल गोयल,विनय गर्ग,डाक्टर ओमकार सिंह,परम दास, आकाश मित्तल, अभिनव गोयल, बृजलाल गुप्ता,बजरंग गुप्ता,अंकुर गर्ग,विशाल मित्तल, राजाराम सिंघल,रामनिवास गोयल,सोनू गर्ग,विकास त्यागी, डाक्टर मानवेन्द्र शुक्ला, कीर्ति गोयल, सीमा गोयल,संगीता मित्तल, अंशिका गोयल,सीमा सिंघल,सुशीला गर्ग, शालिनी गर्ग आदि मौजूद रहे।



# बाजार आये युवक पर लाठी डंडों से किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिनों ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में बाजार आये युवक पर कुछ लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अरविन्द पुत्र सोमपाल निवासी वार्ड 7 ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि गत 26 मार्च की दोपहर वह चमुण्डा मंदिर के निकट स्थित ज्वैलर्स की दुकान में गहने बनवाने के लिए गया था। जैसे की वह दुकान से बाहर आया विकास, सुमित राठौर, अमित राठौर, अमन पाण्डेय नन्नू व इनके साथ के अन्य 8 लोग ने मिलकर उसके साथ गाली गलौच करते हुए लाठी डण्डे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घटना में उसे गंभीर चोटे आयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेस नेता हो गए हैं भावना विहीन : रावत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।कांग्रेस नेताओं की शार्ट टाइम मेमोरी लॉस से पता चलता है कि वे भावना विहीन हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा के भाजपा के नेताओं और पदाधिकारियों के विरुद्ध केस दर्ज कराने को दिए बयान पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि अगर कांग्रेसी समय रहते थोड़ी भी मेहनत राहुल गांधी को लेकर न्यायालय में कर लेते तो आज उन्हें राजनैतिक अभियान चलाने की घोषणा नहीं करनी पड़ती। अभी भी समय है क्योंकि ऐसे कई मामलों में उनके नेता पर प्रक्रिया चल रही है। जिसमें उन्हें जवाब देना पड़ सकता है। श्री रावत ने कहा कि कांग्रेस स्वतंत्र हैं आपत्तिजनक बयानों पर मुक्कदमे दर्ज कराने के लिए। लेकिन हैरानी होती है कि उनके नेताओं को अपने अपमान का अहसास इतनी देर से हुआ। वह भी जब राहुल गांधी को ओबीसी समाज के अपमान पर सजा मिली। रावत ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ घोषणाबाजियों में अपने राजनैतिक आन्दोलन चला रही है। एक और हाथ से हाथ जोड़ों का दावा करते हैं, दूसरी तरफ जय भारत सत्याग्रह का, फिर मेरा घर राहुल का घर और अब महीने भर आंदोलन का कार्यक्रम और ऐसा हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि प्रदेश में कॉग्रेस की संगठन टीम का गठन तक नहीं है और दावा एक साथ कई आंदोलन चलाने के किये जा रहे हैं। कांग्रेस को पहले अपनी पार्टी बचाने और फिर पार्टी में लोकतंत्र बचाने की चिन्ता करनी चाहिए।

# चाकू से सुनार को घायल करने वाले दो भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सितारगंज(उद संवाददाता) नगर के किच्छा मार्ग स्थित ज्वेलर्स की दुकान मेंघुसकर दो सगे भाइयों पर सुनार की गर्दन पर चाकू से वार का आरोप है। हमले में सुनार और उसके पिता घायल हुए हैं। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। नगर के किच्छा रोड में राजू रस्तोगी पुत्र मोहनलाल निवासी वार्ड आठ की सुनार की दुकान है। आरोप है कि शुक्रवार की शाम दिलीप सागर पुत्र रक्षपाल निवासी वार्ड आठ दुकान में जबरन घुस गया। आरोपी ने राजू के 5 वर्षीय पुत्र को पीटना शुरू कर दिया। जिसका राजू ने विरोध किया, आरोप है कि इस दौरान आरोपित अपने सगे भाई विजय को बुला लाया। आरोप है कि इस दौरान भाइयों ने राजू रस्तोगी को गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू से राजू की गर्दन कट गई है। पीड़ित के चिल्लाने पर उसके पिता मोहनलाल मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आरोपितों से राजू को बचाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने उसके पिता पर बेल्ट और डंडो से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों का सरकारी अस्पताल में उपचार कराया गया है। राजू की शिकायत पर पुलिस ने दिलीप सागर, विजय सागर के खिलाफ धारा 323, 324, 506, 506 कर तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हरिशंकर याज्ञिक बने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष

सितारगंज। शिक्षक हरिशंकर याज्ञिक को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। हरि शंकर याज्ञिक के जिला अध्यक्ष बनने पर लोगों ने हर्ष व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। शनिवार को हुई प्रांत की वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सर्वसम्मति से हरिशंकर याज्ञिक को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। इसके पूर्व हरिशंकर याज्ञिक जिला उपाध्यक्ष पद का कार्य बहुत ही कर्मठता के साथ निभा रहे थे। बैठक में याज्ञिक को शुभकामनाएं देते हुए राज कुमुद पाठक महामंत्री (माध्यमिक) राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तराखंड ने कहा कि याज्ञिक एक कर्मठ व्यक्ति हैं आशा और विश्वास है कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के विचारों और नीतियों की वह और अच्छे तरीके से लोगों के बीच में ले जाने में सक्षम होंगे। इस दौरान शिक्षकों ने उनके घर पहुंच कर उन्हें पुष्पमाला भेट कर बधाई दी।



# मुख्यमंत्री धामी दिल्ली दौरे पर

देहरादून। वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन सरकार के आला अफसरों की बैठक करने के बाद रविवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी प्रदेश की योजनाओं के लिए नई दिल्ली जाएंगे। इस दौरान उनका केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात का कार्यक्रम है। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी शिष्टाचार भेंट कर सकते हैं। राज्य की रेलवे से जुड़े प्रस्तावों और मांगों को लेकर सीएम केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात करेंगे। बकौल सीएम, उन्होंने पिछले दिनों रेल मंत्री से भेंट में देहरादून, रामनगर और टनकपुर से नई रेलगाड़ियां शुरू होनी हैं। वह फिर इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री से चर्चा करेंगे। सीएम, सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री से भी भेंट कर सकते हैं।



# धरने पर बैठे कांग्रेस ओबीसी मार्चा के पदाधिकारी

देहरादून। राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय राजेश लिलोटिया एवं कैप्टन अजय यादव के निर्देश अनुसार प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी एससी विभाग/ओबीसी विभाग/एसटी विभाग के अंतर्गत देहरादून स्थित गांधी पार्क में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रति दमनात्मक रवैये के विरोध में अनुषांगिक संगठन एससी/एसटी/ओबीसी/अल्पसंख्यक विभाग द्वारा सांकेतिक धरना प्रदर्शन आयोजित किया। जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भागीदारी सुनिश्चित करायी। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा सम्मलित हुए और अपने विचार रख केन्द्र सरकार की जनविरोधी नितियों एवं जनहित के मुददों को सडक से सदन तक उठाने पर राहुल गांधी जी की सदस्यता रदद किए जाने पर तीखा प्रहार किया। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से एससी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन लाल, ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आशीष सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री धनी लाल तथा तथा महानगर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष देहरादून से संजय गौतम एवं ओबीसी विभाग के महानगर अध्यक्ष मनीष वर्मा, हरिद्वार महानगर अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव, हरिद्वार विधानसभा अध्यक्ष अंकुर सैनी, पछवादून जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह, राजीव प्रजापति, अरविंद गुरुंग, हर्ष पाल मिश्रा, जिला अध्यक्ष टिहरी गढ़वाल अनुसूचित जाति विभाग प्रदेश सदस्य पीसीसी मुरारी लाल खंडेलवाल, कुंदन लाल आर्य, ओमप्रकाश, अमन सिंह, रोहित भट्ट, पवन बेस्ट वीरेंद्र चौहान, अशोक कुमार, अनिल नेगी, प्रेम कुमार, ओमप्रकाश उज्जैनवाल, संजय भारती, कैलाश बाल्मीकि, आशीष भाई आदि सैकड़ों कार्यकर्ता वहां सम्मिलित रहे।

# प्रदेश सचिव पद स्वीकार नहीं

काशीपुर। महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व महानगर अध्यक्ष ने महिला कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी में खुद को सचिव बनाये जाने पर आश्चर्य जताया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि वह इससे पहले प्रदेश स्तर पर वरिष्ठ पदों पर रह चुकी हैं। लेकिन एकाएक उन्हें सचिव बनाने का फैसले से उन्हें आश्चर्य हुआ है। उन्होंने कहा कि वह अपनी असहमति प्रदेश नेतृत्व से जता चुकी हैं। श्रीमती वात्सल्य ने कहा कि वह प्रदेश सचिव पद स्वीकार नहीं करेंगी। वरिष्ठ पदों पर रहने के बाद सचिव पद उनके लिए पार्टी में उनका डिमोशन है। वहीं उन्होंने नगर अध्यक्ष बनाई गई पूजा सिंह को भी एक नया और अनजान चेहरा बताया। उन्होंने कहा कि काशीपुर नगर के कांग्रेसियों ने यह नाम पहली बार सुना है। अधिकांश महिला कांग्रेस नेता पूजा सिंह को जानती नहीं हैं। श्रीमती वात्सल्य ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह कांग्रेस परिवार से हैं और उनकी निष्ठा हमेशा कांग्रेस पार्टी के प्रति रही है। वह सदैव कांग्रेस में रही हैं। उन्होंने आशा जताई कि कांग्रेस नेतृत्व उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखते हुए उचित निर्णय करेगा।

## पेज एक का शेष...

**मसूरी से देहरादून...**आइटीबीपी डायरेक्टर पीएस डंगवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगा रही है। हादसे की जगह दोनों वाहनों की लंबी कतार लग गई है। पुलिस और आईटीबीपी के जवान सहित स्थानीय लोग घायलों को खाई से बाहर निकालने में जुटे हैं। हादसे में घायलों को 108 एंबूलेंसकी मदद से मसूरी के अस्पताल भेजा जा रहा है।

**यूटयूबर युवती ने..**वालों के साथ बैठकर बातचीत हो रही थी। इस बीच परिवार वालों ने लता से कहा कि वह अपना चौनल बंद कर आगे की पढ़ाई कर ले, जिससे वह आगे का कॅरिअर बना सके। लेकिन, शायद लता को यह बात पसंद नहीं आई और उसने मौत को गले लगा लिया।

**एसएसपी ने सिख समाज...**अगर कोई ऐसा व्यक्ति इस तरह की कोई गतिविधियों में शामिल हो, उसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें, ताकि ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध समय होते हुए कार्रवाई हो। सिख समाज के प्रतिनिधि के साथ संवाद करते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा, थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव, एसआई लक्ष्मण जोशी, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जनरल सेक्रेटरी अमरजीत सिंह, गुरवंत सिंह, अजीत सिंह, समेत सैकड़ों सिख समुदाय के लोग मौजूद थे।

**महानगर अध्यक्ष की...**ऐसे में हाईकमान को मनोनयन करने से पूर्व पार्टी के स्थानीय नेताओं तथा कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श अवश्य करना चाहिये था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जो पार्टी द्वारा की गई उपेक्षा को दर्शाता है। श्री बेहड़ ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि वह पूर्व की तरह पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें और सभी का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस का विशाल परिवार है। हम सब इस परिवार के ही सदस्य हैं। इसलिए परिवार को कमजोर नहीं मजबूत बनाना है। पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा कि श्री बेहड़ और कांग्रेस को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ऐसे व्यक्ति को महानगर अध्यक्ष की कमान सौंपी है, जिसका कांग्रेस के लिए कोई योगदान नहीं रहा। बैठक में पूर्व महाअध्यक्ष कांग्रेस जगदीश तनेजा, परिमल राय, विजय यादव, नवनियुक्त महिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मोनिका ढाली, दिनेश पंत, अनिल शर्मा, प्रकाश शर्मा, संजय जुनेजा, इंद्रजीत सिंह, हरीश बाबरा, अमीर हुसैन, सावित्री देवी, राजीव कामरा, विजय अरोड़ा, राकेश जोशी, दीपक गुगलानी, राम सिंह,राम दयाल सिंह, जगदीश टम्टा, अशोक मंडल, सुशील मंडल, रमेश कालड़ा, मोहन कुमार,उमर अली, फुदेना साहनी, मोनू निषाद, बाबू खान, बाबू अहमद मंसूरी, सौरभ शर्मा, राजेंद्र शर्मा, अरशद खां, राजेश कुमार, अमित मिश्रा, भूपेंद्र कुमार, नाजिम खां, सरोज रानी, पार्षद मोहन, सुशील मंडल, सुरेश गौरी,अबरार, बाबू खान, रमेश कालड़ा, छेदालाल राठौर, मोनू निषाद, राजेश कुमार, प्रीति साना, अमित मिश्रा, अशफाक, सौरभ शर्मा, मानस बैरागी आदि मौजूद थे।

**उम्रकैद की सजा...**जगमोहन त्रिपाठी ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। जेलर सत्यप्रकाश ने बताया कि अनिल भट्ट को 19 मई वर्ष 2016 को नैनीताल कोर्ट ने दहेज हत्या के मामले में दोषसिद्ध कर उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जेलर ने बताया कि अनिल भट्ट हंसमुख और व्यवहारिक किस्म के व्यक्ति थे। वह बैरक में साफ-सफाई का कार्य देखते थे। उनके निधन पर साथी बंदियों ने दुख प्रकट किया।

# कांग्रेस नेता राजीव कर्नाटक की माता का निधन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पत्रकार राजीव कर्नाटक की माता प्रेमा कर्नाटक का निधन हो गया, वह 66 वर्ष की थी, उनकी अंत्येष्टि कल विश्वनाथ घाट में की गयी। अल्मोड़ा के ढूंगाधारा निवासी प्रेमा कर्नाटक पिछले लंबे समय से बीमार चल रही थी, जिनका इलाज पिछले लगभग एक माह से वह नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में चल रहा था,वह पिछले 17 दिन से आई सी यू में भर्ती थी ,उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, उनके पार्थिव शरीर को अल्मोड़ा उनके निवास स्थान ढूंगाधारा लाया गया। प्रातः 7 बजे उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान ढूंगाधारा से परम मोक्ष धाम विश्वनाथ में कर दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस के लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बिट्टू कर्नाटक ,देवेंद्र कर्नाटक,जरनल दीपक पोखरिया, नूर खान, मनीष तिवारी, रश्मि कांडपाल, रोहित शैली, हेम जोशी, उमेश रैकवाल,गौरव अवस्थी, राजेंद्र प्रसाद ,अमित वर्मा, बीरेंद्र कार्की, भूपेंद्र भोज,कंचन शैली, रितिक बिष्ट, सुमित बिष्ट, पंकज मेहता, राहुल मेहता सहित अनेकों कांग्रेस जन उपस्थित थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# पर्यटन, कृषि और उद्यान क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को धरातल पर उतारें: सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड को वर्ष 2025 तक सशक्त बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास के लिए विभागों को दिए गए लक्ष्यों की नियमित समीक्षा होगी। राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने को वर्ष 2030 तक विभिन्न गतिविधियां आधारित कार्यों से पांच लाख व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने नए पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों को विकसित करने और अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में शनिवार को वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को सशक्त बनाने के लिए विभागवार बनाई गई कार्ययोजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभागों को निर्धारित लक्ष्य पूरा करने को धरातल पर कार्य करने के साथ भविष्य की कार्ययोजना में तेजी लानी होगी। सभी विभागाध्यक्ष अगले दो वर्षों में विकास लक्ष्य पूरा करेंगे। दीर्घकालिक और अल्पकालिक कार्ययोजना को पूरे मनोयोग के साथ धरातल पर उतारा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नया वित्तीय वर्ष प्रारंभ हो चुका है। सभी विभागों की शीघ्र 31 मार्च, 2024 तक की कार्ययोजना, लक्ष्य एवं राजस्व वृद्धि के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। पर्वतीय जिलों में आय वृद्धि के लिए स्थानीय निवासियों की आजीविका सुधार पर ध्यान देना होगा। इसमें सेक्टरवार तेजी लानी होगी। राजस्व वृद्धि वाले क्षेत्रों को



प्राथमिकता दी जाए। वर्ष 2025 तक उपलब्धियों को प्राप्त करने के उद्देश्य पर कार्य किया जाना चाहिए। धामी ने कहा कि पर्यटन, कृषि, उद्यान और उद्योग का क्षेत्र संभावनाओं से भरा हुआ है। इन क्षेत्रों में वर्ष 2030 तक बेहतर काम होने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और राज्य की जीडीपी में तेजी से वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि कुमाऊं क्षेत्र में नए पर्यटक और धार्मिक स्थल विकसित किए जाएं, ताकि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु, गढ़वाल के साथ कुमाऊं के नैसर्गिक सौंदर्य का आनंद ले सकें। पर्यटन की दृष्टि से विभिन्न सर्किट के माध्यम से प्रदेश को जोडने के निर्देश उन्होंने दिए। बैठक में प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि राज्य में प्रति वर्ष एक करोड़ पर्यटक एवं श्रद्धालुओं का आगमन हो, इसके लिए व्यापक कार्ययोजना पर कार्य हो रहा है। राज्य में नए पर्यटक व धार्मिक स्थलों को विकसित करने के साथ अवस्थापना सुविधा के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। होम स्टे को तेजी से बढ़ावा दिया जाएगा। 2030 तक सेब की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार ने 1500 से 2000 करोड़ का अतिरिक्त निवेश करने का लक्ष्य रखा है। इससे 2500 करोड़ की जीडीपी बढने का अनुमान है। साथ में लगभग 30 हजार किसानों की आय में 10 गुना तक वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने राज्य के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए और प्रयासों की आवश्यकता व्यक्त की। उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के निर्देश दिए। सेब और कीवी मिशन पर तेजी से कार्य करने और पर्वतीय क्षेत्रों में सगंध पौधों की खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थानों में डिग्री कोर्स के अतिरिक्त कौशल विकास से संबंधित डिप्लोमा कोर्स संचालित करने को कहा। राज्य में आर्थिक गतिविधियां बढ़ाने को नीतियों के सरलीकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य सचिव डा एसएस संधु, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनंद बर्द्धन, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, डा पंकज कुमार पांडेय, विजय कुमार यादव, एसएन पांडेय, यूकास्ट महानिदेशक प्रो दुर्गेश पंत, मैकेंजी से सीनियर पार्टनर अमित खेर, अभिषेक बावेल व अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति(बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को अप्रैल माह में प्रारम्भ हो रही यात्रा की तैयारियों और सफल संचालन हेतु की गयी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने श्री बद्रीनाथ एवं श्री केदारनाथ में पुनर्निर्माण के कार्यों की प्रगति के बारे में भी अवगत कराया। अध्यक्ष ने कपाट खुलने के अवसर पर राज्यपाल को आमंत्रित किया।राज्यपाल ने कहा कि इसी माह से शुरू हो रही प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं में अलग उत्साह



रहता है। उन्होंने कहा हमें श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के साथ ही हमारा प्रयास रहे कि प्रत्येक यात्री अपनी यात्रा से संतुष्ट होकर जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा सीजन में स्थानीय लोगों और सभी हितधारकों की साझेदारी शामिल हो। राज्यपाल ने कहा कि गत वर्ष की यात्रा में रही चुनौतियों से सबक सीखते हुए इस वर्ष उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान स्थानीय उत्पादों को अधिक से अधिक बढ़ावा दिये जाने का प्रयास किया जाए। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिये जाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी आह्वान किया है कि यात्री अपने यात्रा का 5 प्रतिशत खर्च स्थानीय उत्पादों को खरीदने में करें। राज्यपाल ने कहा कि हमें यात्रा मार्गों पर सफाई का विशेष ध्यान रखना होगा जिससे श्रद्धालु यहां से अच्छी यादें लेकर जाए।

# महानाम संकीर्तन में अतिथियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 35 आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी में श्री श्री शनिदेव महाराज जी की वार्षिक पूजा के अवसर पर अष्टम प्रहर महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिस में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल ने पहुंचकर श्रीहरि महानाम संकीर्तन में शीश नवाकर क्षेत्र में सुख स्मृद्धि एवं शांति की कामना कर संकीर्तन का श्रवण किया। इस दौरान पूजा कमेटी ने पूर्व विधायक ठुकराल सहित पधारे अतिथियों को अंगवस्त्र ओड़ाकर सम्मानित किया। सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि महानाम संकीर्तन से सकारात्मक शक्तियों का संचार होता है उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में होने वाले महा नाम संकीर्तन में प्रतिभाग करते आ रहे हैं उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन में आध्यात्मिक रास्ते पर चलने एवं प्रभु को पाने की तड़प हमेशा होती है जो कि महानाम संकीर्तन से पूर्ण होती है उन्होंने पूजा कमेटी को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची मंडलियों ने हरी महिमा कर भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया पूर्व विधायक ठुकराल सहित सैकड़ों भक्तजन संकीर्तन में झूमते गाते नजर आए एवं भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया । इस दौरान के के दास, ,बंटी राजोरिया, अखिलेश शर्मा, हैप्पी चौहान, मुकेश मालाकार ,सुभाष मंडल, मधु सरकार ,देवदास सरकार ,सरोज





कार्तिक मंडल, गोविंद राय ,डॉक्टर ईश्वर मलिक, रविंद्र धर, गणेश सरकार ,देबू मंडल, श्यामल राय ,अमित सरकार राय, सुशांत राय, विश्वजीत राय, काशीनाथ, भुवन राय ,कार्तिक डाली, बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय सिसौना के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाध्यापक शुभेंदु गुप्ता तथा राजकीय महाविद्यालय सितारगंज के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र वर्मा, डॉ कार्तिकेय भट्ट ,डॉ कमला उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित किया। स्वयंसेवी छात्राओं ने मंच में उपस्थित बचाओ बेटी पढ़ाओष पर नुक्कड़ नाटक किया। अंजना कौर, अंजली सिंह, प्रीति धामी द्वारा पंजाबी नृत्य, वैशाली ने राजस्थानी नृत्य तथा एनएसएस की छात्राओं ने अतिथियों के सामने अपने सात दिवसीय अनुभव के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में थारू होली का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा नंदिनी सिंह को बेस्ट स्वयंसेवी का पुरस्कार दिया गया। सात दिवसीय ने स्वयंसेवी छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में इसी प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करें और समाज, राष्ट्र व स्वयं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र वर्मा ने भी छात्राओं को एनएसएस के उद्देश्य कार्य के बारे में बताया तथा सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य ने भी छात्राओं को पढ़ लिख कर आत्मनिर्भर




अतिथियों के लिए स्वागत गीत तथा लक्ष्य गीत गाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सविता रानी ने सात दिवसीय विशेष शिविर की आख्या प्रस्तुत की उसके बाद स्वयंसेवी छात्राओं द्वारा कुमाऊनी नृत्य द्वारा लोगों को उत्तराखंड की संस्कृति के बारे में बताया गयाद्य एनएसएस स्वयंसेवी के गौरा सदन ग्रुप ने ष्बेटी विशेष शिविर में ऐपण प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, चार्ट प्रतियोगिता केस सज्जा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली स्वयंसेवी छात्राओं को प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर ही छात्राओं को सर्टिफिकेट दिए गए। एनएसएस कैंप कमांडर नंदिनी सिंह तथा पायल वर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सविता रानी बनने का संदेश देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ सविता रानी ,डॉ कार्तिकेय भट्ट, डॉ वंदना बंसल, डॉ कमला उपाध्याय ,डॉ सत्य मित्र सिंह , राजेंद्र सिंह, आशना राणा, रितु ,कमला, पायल शीतल आर्य कविता आर्य नेहा सक्सैना, सीमा गर्ग, निर्जला, रीता आदि छात्राएं उपस्थित रही।

# आपदा के सुरक्षात्मक निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी ने जनपद की तहसील तेजम के अंतर्गत आपदा के तहत हुए सुरक्षात्मक कार्य तटबन्ध, पुलिया व पुश्ता आदि निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम नाचनी के मार्केट क्षेत्र, ग्राम नाचनी के तोक सिमगड़ व ग्राम कोटयूड़ा के तोक दूलियाबगड़ मे भुजगड़ नदी पर किये गये तटबंध निर्माण एवं ग्राम गडेरा में आपदा के अंतर्गत जिला पंचायत द्वारा बनाई गयी आरसीसी पुलिया व ग्राम चामी भैस्कोट में मुख्यमंत्री घोषणा के तहत जिला पंचायत द्वारा बनाई गयीआरसीसी पुलिया तथा बांसबगड़ में मकान सुरक्षा हेतु पीएमजीएसवाई द्वारा बनायी गयी सुरक्षा दीवार निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि सिमगढ़ में भुजगड़ नदी पर सिंचाई विभाग द्वारा रुपए 12 लाख की लागत का तटबंध निर्माण किया गया है जबकि उसी तटबंध के बगल में किसी अन्य विभाग द्वारा भी तटबंध का निर्माण किया गया है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा आपत्ति व्यक्त की गई तथा उप जिलाधिकारी दिवेश शाशनी को निर्देश में सिंचाई विभाग द्वारा बनाये गये रुपए 4 लाख की लागत के तटबंध के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तटबन्ध निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नाराजगी प्रकट की। उन्होंने निर्माण कार्य को गैर तकनीकी



दिये कि सिंचाई विभाग द्वारा बनाये गये तटबन्ध के बगल में अन्य विभाग द्वारा किए गए तटबन्ध निर्माण का औचित्य संबंधित विभाग से पूछा जाय। वही ग्रामसभा कोटयूड़ा के तोक दूलियाबगड़ तरीके से होना बताया। इस दौरान ग्राम बांसबगड़ के तोक गादरपानी एवं ग्राम खेतभराड़ के ग्रामीणों द्वारा भी बरेगाड़ गदेरे के तेज बहाव के कारण आपदा की जद में आ रहे भवनों की सुरक्षा हेतु सुरक्षाकात्मक कार्य कराए जाने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने सुरक्षात्मक कार्य कराये जाने का भरोसा दिलाया। ग्राम बांसबगड़ के प्रदीप जोशी ने कोटा ,खरी , बांसबगड़ में हेलीपैड निर्माण कार्य ठीक से नहीं कराये जाने की शिकायत की। श्री जोशी ने कहा कि हेलीपैड सुरक्षित नहीं है दरक रहे हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित हेलीपैड निर्माण कार्यों की जांच कराये जाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान नाचनी मार्केट में पुल के समीप कूड़ा कूड़ेदान के बजाय नदियों में पड़ा मिला। जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को दूरभाष पर निर्देश दिए कि क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर नदियों की स्वच्छता व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्य किये जायें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मुनस्यारी दिवेश शाशनी, अधिशासी अभियंता सिंचाई फरहानन खान आदि उपस्थित थे।

# बारिश और ओलावृष्टि से किसानों का हुआ भारी नुकसान

गदरपुर(उद संवाददाता)। मौसम की बदलती करवट ने किसानों की चिंताएं बड़ा दी है ऐसे में विगत दिवस हुई तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि से किसानों का भारी नुकसान हुआ है खेतो में खड़ी गेंहू की फसल तबाह हो गई है और गेहूं की फसल खेतो में एक प्लेन चादर की तरह बिछ गई है।क्षेत्र भर में हुए किसानों के नुकसान को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा द्वारा जिलाधिकारी जुगल किशोर पन्त व मुख्य कृषि अधिकारी अजय कुमार के साथ तहसील क्षेत्र के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रो में बरसात



से हुए नुकसान का निरीक्षण किया साथ ही फोन पर प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी को किसानों के हालातों से अवगत कराते हुए जल्द मुआवजा दिए जाने को लेकर वार्ता की।जिस पर मुख्यमंत्री धामी ने जिलाधिकारी पन्त को जल्द सर्वे किये जाने के निर्देश जारी किए।वही जिलाधिकारी पन्त ने जिले भर की तहसील में किसानों के हुए नुकसान का आकलन कर जल्द अवगत कराने के निर्देश तहसील प्रशासन को किये है।इस दौरान कृषिविभाग एडीओ गोपाल सिंह चौहान,कानूनगो गरीब सिंह राणा,लेखपाल सतपाल बाबू,विजय कुमार सहित किसान मौजूद रहे।।